


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग




वर्ष- 13, अंक - 302 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, शुक्रवार 19 अगस्त 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...



### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण ने हमें सदा सत्य के मार्ग पर चलने और अन्याय के विरूद्ध खड़े होने का मार्ग दिखाया है। उनकी जीवन-लीलाएं हमें विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने का सही तरीका बताती हैं। उनके द्वारा दी गई सीख जीवन की हर परिस्थिति के लिए प्रासंगिक है।

### जय श्री कृष्णाः गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने श्री कृष्णा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। गृहमंत्री साहू ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि भगवान् श्री कृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के लिए सदैव समर्पित रहने, दीन-दुखियों की सेवा करने एवं अन्याय के विरुद्ध प्रतिकार करने का सन्देश दिया है। उनके बाल स्वरूप से द्वारिकाधीश बनने तक का सम्पूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

गृहमंत्री साहू ने आगे कहा कि श्री कृष्ण जी के सम्पूर्ण जीवन से हमें कर्म, प्रेम, ज्ञान, न्याय और भक्ति की सीख मिलती है। श्रीमद् भगवद् गीता के दिव्य सन्देश में पूरी मानवता का कल्याण निहित है। भगवान कृष्ण अतीत और वर्तमान में हर दृष्टि से लोगों के लिए आदर्श रहे हैं और निश्चित रूप से आने वाले युगों में भी रहेंगे।

# सबकी कटेगी टिकट-सीएम बघेल

## बोले- डॉ. रमन सिंह को गवर्नर बना रहे तो चल देना चाहिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ भाजपा में हुए बदलाव पर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह व भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रमन सिंह को बताना चाहिए कि उनके लोगों को क्यों हटाया जा रहा है। रमन सिंह के गवर्नर बनाए जाने की चर्चा पर भूपेश ने तंज कसते हुए कहा कि रमन सिंह को चल देना चाहिए, क्योंकि उनके रहते हुए उनके नीचे वाले सभी को बदल दिए हैं। भूपेश ने कहा कि इन्हें बता दिया गया है कि इस बार टिकट नहीं मिलने वाली है। सबकी टिकट कटने वाली है। 14 लोग बचे हैं। सब कुछ बदल डालूंगा। हंटर वाली और जाम वाले मिलकर यही करने वाले हैं।




नेता प्रतिपक्ष बदलाव पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नारायण चंदेल को बधाई-शुभकामनाएं। उम्मीद करता हूं कि सकारात्मक विपक्ष की भूमिका वे निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अजय चंद्राकर कितना भी कर ले नेता प्रतिपक्ष नहीं बनेंगे। वह प्रवक्ता ही रहेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कोई भी विधायकों से रायशुमारी नहीं हुई है, बल्कि दिल्ली से पर्ची आई जिसे सुनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बाद नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को बदले जाने के सवाल पर भूपेश ने कहा कि इसका मतलब है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पहले की टीम पर भरोसा नहीं रहा है।

### गर्भ के बच्चे का टिकट तो नहीं लेगी केंद्र सरकार

केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पूरे देश में महंगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाने का तेल महंगा हो गया है। सारे सामान पर जीएसटी लगा रहे हैं। दही-पनीर को तक नहीं छोड़े। आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि जब से रेल शुरू हुआ है उसके बाद यह पहली बार है कि यात्री ट्रेनों को बंद किया गया है। 1000 ट्रेनें बंद हैं। प्लेटफार्म की टिकट बढ़ाएं, ट्रेन की टिकट बढ़ाएं, अब एक साल के बच्चे की पूरी टिकट लगेगी। कार्टून भी छपा है। कहीं गर्भ में बच्चा है, उसका टिकट भी तो सरकार नहीं ले लेगी। केंद्र सरकार लूटने में लगी है।

# राज्य के हर जिले में खुलेगा इंग्लिश मीडियम कॉलेज, 10 दिन में तैयार होगी कार्य योजना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने अगले तीन वर्षों में राज्य के सभी जिलों में अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज स्थापित करने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य मूल छात्रों को राज्य में ही उच्च अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करना है, राज्य सरकार के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के मुख्य सचिव को इस संबंध में 10 दिनों के भीतर कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस कदम का उद्देश्य उन माता-पिता पर वित्तीय बोझ को कम करना है, जिनके बच्चों को 12वीं कक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है।

### स्वामी आत्मानंद के नाम पर होगा नामकरण

सीएम बघेल ने मुख्य सचिव को भेजे सर्कुलर में कहा है कि अगले तीन वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में इंग्लिश मीडियम मॉडल कॉलेज के रूप में संस्थान स्थापित किए जाएंगे। इन संस्थानों का नामकरण स्वामी आत्मानंद पर होगा। सीएम बघेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों को मिले अच्छे रिस्पॉन्स को देखने के बाद यह निर्णय लिया गया है।

### शुरुआत में 10 अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज खोले जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआत में जून 2023 से शुरू होने वाले अगले शैक्षणिक सत्र से राज्य के प्रमुख शहरों में 10 अंग्रेजी माध्यम के कॉलेज खोले जाएंगे। बाद में इसे अगले तीन वर्षों में सभी जिला मुख्यालयों में चरणबद्ध तरीके से दोहराया जाएगा।

### उच्च शिक्षा के लिए जाना पड़ता है बाहर

वर्तमान में, राज्य में कोई अंग्रेजी माध्यम का सरकारी कॉलेज नहीं है और छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए महानगरीय कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ता है, बघेल ने कहा कि इनके खुलने के बाद अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 12वीं पढ़ने वाले छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों और उनके अभिभावकों को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है क्योंकि उन्हें दूसरे राज्यों में स्थित कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ता है।

## पूर्व एनसीबी अधिकारी समीर वानखेड़े को मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल अधिकारी समीर वानखेड़े को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें यह धमकी सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई है। इस संबंध में समीर वानखेड़े ने गोरेगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

समीर वानखेड़े ने पुलिस को बताया है कि उन्हें जान की धमकी ट्विटर के जरिए दी गई है। एक नए बने ट्विटर एकाउंट से उन्हें 14 अगस्त को धमकी दी गई। ट्वीट में कहा गया है-तुमको पता नहीं है कि तुमने क्या गया है, तुमको हिसाब देना पड़ेगा। एक दूसरे ट्वीट में गया गया है कि हम तुमको खत्म कर देंगे।

### हाल ही में मिली थी क्लीनचिट

समीर वानखेड़े आर्यन खान ड्रग मामले के बाद चर्चा में आए थे। इसके बाद एनसीपी नेता नवाब मलिक ने उन पर कई आरोप लगाए थे। एक आरोप में मलिक ने कहा था कि वानखेड़े जन्म से मुस्लिम हैं, उन्होंने आरक्षण का लाभ पाने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाया। हालांकि, इस मामले में वानखेड़े को क्लीनचिट मिल गई थी।

## जीएसटी रैकेट का भंडाफोड़, 41 करोड़ की फर्जी बिल मिले, एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीजीएसटी (CGST) के मुंबई स्थित भिवंडी आयुक्तालय की टीम ने इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) पाने के लिए फर्जी बिलों के आधार पर दावा करने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरंभिक रूप से 41 करोड़ के फर्जी बिलों के आधार पर 18 करोड़ के आईटीसी का पता चला है। मामले में एक फर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।




सीजीएसटी भिवंडी के आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि यह गिरोह नकली जीएसटी चालान के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट का फायदा उठाने में जुटा था। इस गिरोह से जुड़ी एक फर्म ने 14.30 करोड़ रुपये के फर्जी बिलों के माध्यम से 2.57 करोड़ रुपये के आईटीसी का लाभ उठाया था। मामला पकड़ में आते ही फर्म के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

जिस फर्म के कर्ताधर्ता को दबोचा गया है, उसका नाम मेसर्स विश्वकर्मा एंटरप्राइजेज है। उसने 14.30 करोड़ रुपये के फर्जी चालान पर 2.57 करोड़ रुपये के आईटीसी का लाभ उठाया। आरोपी को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69 के तहत सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उसे भिवंडी सीजीएसटी कमिश्नर द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया।

यह मामला टैक्स धोखाधड़ी करने वालों और फर्जी आईटीसी नेटवर्क के खिलाफ सीजीएसटी मुंबई जोन द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान का हिस्सा है। पिछले एक साल में सीजीएसटी भिवंडी द्वारा की गई गिरफ्तारी का यह 15 वां मामला है। आगे जांच जारी है।

## सीएम बघेल ने महंगाई पर केंद्र को घेरा 28 को बड़े प्रदर्शन की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा महंगाई को लेकर 28 तारीख को एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार द्वारा जिस प्रकार से आम जनता की आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है उसके खिलाफ ये प्रदर्शन होगा।




बघेल बढ़ती कीमतों पर सरकार के खिलाफ पार्टी के विरोध का रोडमैप तय करने के लिए एआईसीसी मुख्यालय में एक बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान बघेल ने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और आवश्यक उत्पादों पर जीएसटी लगाया जा रहा है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि महंगाई बढ़ रही है क्योंकि आवश्यक वस्तुओं में जीएसटी जोड़ा गया है। इसने आम आदमी पर दबाव डाला है जो पहले से ही मुद्रास्फीति की चपेट में है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दूध उत्पादों पर जीएसटी भी लगाया है, जिससे इसकी कीमतें बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे ट्रेनों को भी रद्द कर रहे हैं जो पहले किसी सरकार ने नहीं की थी। बघेल ने कहा कि इसके अलावा केंद्र सरकार नागरिकों को इस मुद्रास्फीति से राहत देने में भी नाकाम रही है। हम इसका विरोध कर रहे हैं।

# कोरोनाः देश में 24 घंटे में मिले 15,754 संक्रमित, दिल्ली में डरा रही संक्रमण दर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बीते 24 घंटे में 15,754 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। हालांकि, इस दौरान इससे कुछ कम मरीज महामारी से उबर गए हैं। चिंताजनक बात दिल्ली में मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को राजधानी में संक्रमण दर 10 फीसदी के करीब पहुंच गई और आठ लोगों की महामारी से मौत हो गई।

शुक्रवार सुबह अपडेट आंकड़ों के अनुसार देश में 15,754 नए मरीज मिले, जबकि 15,220 स्वस्थ हो गए। कुल सक्रिय केस 1,01,830 हो गए हैं। दैनिक संक्रमण दर 3.47 फीसदी है। देश में अब कोविड-19 के कुल मामले 4,43,14,618 हो गए हैं। 39 और मौतों के साथ कुल मृतक संख्या 5,27,253 हो गई। इसमें केरल द्वारा अपडेट आंकड़ों में शामिल आठ मौतें शामिल हैं। कुल मामलों की तुलना में सक्रिय मामले 0.23 फीसदी हैं, जबकि राष्ट्रीय कोविड-19 की रिकवरी रेट 98.58 फीसदी है। बीते 24 घंटे में सक्रिय कोविड केस में 487 मामलों की बढ़ोतरी हुई है।



दैनिक संक्रमण दर जहां 3.47 फीसदी दर्ज की गई है, वहीं साप्ताहिक दर 3.90 फीसदी हो गई है। देश में अब तक 4,36,85,535 मरीज कोरोना से उबर गए हैं। मृत्यु दर 1.19 फीसदी है। उधर, कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान के तहत अब तक देश में कुल 209.27 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

### दिल्ली में कोरोना

दिल्ली में बुधवार को 20844 लोगों का कोरोना परीक्षण किया गया था। इसमें 9.42 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुवार को कोरोना के 1964 मामले सामने आए जबकि 1939 को स्वस्थ होने पर अस्पताल व होम आइसोलेशन से छुट्टी दी गई। जबकि आठ मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। विशेषज्ञ इस बात को लेकर चिंतित हैं कि कुछ मरीज जो दूसरी बीमारियों के चलते भर्ती किए जा रहे हैं वे भी कोरोना पॉजिटिव निकल रहे हैं।

## सीबीआई रेडः दिल्ली-एनसीआर समेत 21 ठिकानों पर कार्रवाई, सिसोदिया बोले- सीबीआई का स्वागत है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर जानकारी दी कि सीबीआई आई है, जिसका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। लाखों बच्चों का भविष्य बना रहे हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नंबर-1 नहीं बन पाया है। बता दें कि सीबीआई की दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास सहित आबकारी नीति मामले में दिल्ली-एनसीआर में 21 स्थानों पर कार्रवाई चल रही है।



मनीष सिसोदिया ने कहा कि ये लोग दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य के शानदार काम से परेशान हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को पकड़ा है। ताकि शिक्षा स्वास्थ्य के अच्छे काम रोके जा सकें। सिसोदिया ने कहा कि हम दोनों के ऊपर झूठे आरोप हैं। कोर्ट में सच सामने आ जाएगा।

### 75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की, उसे रोका गया

सीबीआई की कार्रवाई पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की पूरी दुनिया चर्चा कर रही है। इसे ये(केंद्र सरकार) रोकना चाहते हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रियों पर छापेमारी और गिरफ्तारी की जा रही है। 75 सालों में जिसने भी अच्छे काम की कोशिश की, उसे रोका गया। इसीलिए भारत पीछे रह गया।

### देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता

सिसोदिया ने कहा कि हम सीबीआई का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक मुझ पर कई केस किए गए लेकिन कुछ नहीं निकला। इसमें भी कुछ नहीं निकलेगा। देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता।

### पहले भी कई जांच और रेड हुईं

सीएम केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली के अच्छे कामो को रुकने नहीं देंगे। जिस दिन अमेरिका के सबसे बड़े अखबार एनवाईटी के फ्रंट पेज पर दिल्ली शिक्षा मॉडल की तारीफ और मनीष सिसोदिया की तस्वीर छपी, उसी दिन मनीष के घर केंद्र ने सीबीआई भेजी। सिसोदिया की तरह केजरीवाल ने भी कहा कि सीबीआई का स्वागत है। पूरा सहयोग करेंगे। पहले भी कई जांच और रेड हुईं लेकिन कुछ नहीं निकला। अब भी कुछ नहीं निकलेगा।

## अरे हाय-हाय ये मजबूरी, ये मौसम...



श्रीकंचनपथ न्यूज, दीपक रंजन दास

15 साल याने कि डेढ़ दशक.. एक लंबा अरसा होता है. सरकार किसी की भी हो, इतने समय में कोई भी ऊब सकता है. यही ऊब छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार में भी देखी गई थी. समय रहते नेतृत्व परिवर्तन नहीं करने का खामियाजा भाजपा को भुगतना पड़ा. 2018 के चुनाव में 90 सीट वाली छत्तीसगढ़ विधानसभा में उसे केवल 15 सीटें मिलीं जबकि केन्द्र में भाजपा शीर्ष पर चल रही थी. भाजपा हारी भी तो किससे, जिसका इतिहास 'कंपनी-एम' भारत भूमि से मिटाना चाहती है. विपक्ष में रहने की आदत तो थी नहीं, सो चार साल का वक्त भी यूं ही गुजर गया. अब यह पार्टी की मजबूरी है कि सत्ता में वापसी करनी है तो नई टीम की घोषणा करनी ही पड़ेगी. पुरानी टीम अब पिट कर बैठ चुकी है. उन्हें निकाला तो नहीं जा सकता पर मार्गदर्शक मंडल में अवश्य भेजा जा सकता है. वैसे छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री ने खूब चुटकी ली है कि पूर्व मुख्यमंत्री को यदि राज्यपाल का पद ऑफर होता है तो उन्हें इसे स्वीकार लेना चाहिए. इसमें बुरा मानने जैसी कोई बात नहीं है. यही समाज की व्यवस्था है. एक समय आता है जब पिता की जूती पूत के पैरों में आने लगती है. यही सही समय होता है कि पूत को थोड़े अधिकार और ओहदे दे दिये जायें. आखिर उसका भी घर परिवार होता है. उसकी पत्नी को भी लोगों को बताना होता है कि पति क्या करते हैं. यहां तो जो नीचे थे वो नीचे ही रह गये और जो ऊपर थे वो ऊपर बैठे-बैठे ऊंघने लगे. वैसे भी इतिहास गवाह है कि वही कंपनियां असाधारण रूप से सफल होती हैं जहां एक स्तर के बाद मालिक अपना काम किसी सुयोग्य सीईओ को सौंपकर स्वयं मार्गदर्शक मंडल में आ जाता है. जो कंपनियां ऐसा नहीं करतीं, उनके यहां प्रशिक्षित लोग दूसरी कंपनियों के सीईओ बन जाते हैं. बहरहाल, बात उबासी ले रही छत्तीसगढ़ भाजपा की हो रही थी. भाजपा को जीरो से हीरो बनाने वाले संघ को यह सख्त नागवार गुजर रहा था. अंतपंत चुनाव से सवा साल पहले उसने अपना पासा फेंक दिया. उसने छत्तीसगढ़ में भाजपा और भाजपा विधायक दल की कमान संघ से जुड़े लोगों को सौंप दी. अब यही चुनावी वैतरणी पार लगाएंगे. वैसे भी जो काम संघ या उसकी आनुषांगिक इकाइयां कर सकती हैं वह एक राजनीतिक दल होने के नाते भाजपा नहीं कर सकती. उसने किया तो उसपर बैन लग सकता है. वह साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की नाव पर सवार तो हो सकती है पर उसका पतवार नहीं उठा सकती. सरकार के कामकाज को लेकर हल्ला-बोलने का रास्ता स्वयं पीएम मोदी ने बंद कर दिया है. वे समय-समय छत्तीसगढ़ और भूपेश सरकार की नीतियों और नवाचार की सराहना करते रहे हैं. बचा है तो केवल छत्तीसगढ़िया और गैर छत्तीसगढ़िया का मुद्दा. कांग्रेस के कई कद्दावर इन दिनों उपेक्षित चल रहे हैं. उन्हें समेटने का भी वक्त आ गया है. गाने का वक्त आ गया... ये मौसम और ये दूरी।






## संपादकीय

# नया मंत्रिमंडल

मंगलवार की सुबह बिहार में 31 नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण और दोपहर तक विभागों के बंटवारे की घोषणा बताती है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने बीते पांच-छह दिनों में अपना होमवर्क पूरा कर लिया था। बीते 10 अगस्त को ही नई सरकार वजूद में आई है। यह यकीनन सराहनीय है, क्योंकि हाल के वर्षों में जैसी राजनीतिक संस्कृति हमें देखने को मिली है, उसमें किसी भी गठबंधन सरकार के मुखिया के लिए मंत्रिमंडल का गठन सबसे मुश्किल कार्य हो गया है। महाराष्ट्र की ताजा नजीर हमारे सामने है, जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपना मंत्रिमंडल बनाने में करीब 40 दिन लग गए और इसके बाद भी उनके खेमे के विधायकों का असंतोष रोज-रोज सुर्खियां बटोर रहा है। जाहिर है, नीतीश कुमार एक अनुभवी राजनेता हैं और लगातार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते आ रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सुखद बात यह है कि उनका मंत्रिमंडल एक समावेशी छवि पेश कर रहा है।

> “ सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए उन्हें संतुष्ट करने की चुनौती हमेशा रहेगी। बिहार को एक स्थिर और बेहद सक्रिय सरकार की जरूरत है, जो वास्तव में बदलाव का एहसास कराए। जैसा नीतीश कुमार-भाजपा गठबंधन के पहले कार्यकाल में हुआ था। तेजस्वी यादव के पास सीधे जनता से जुड़ने वाले विभाग हैं। अगर वह अपने कार्यों से बिहार के लोगों को आश्वस्ति दे सके, तो यह उनके भी हक में होगा व राज्य के हित में भी।

लेकिन यहां से महागठबंधन सरकार की चुनौतियां भी शुरू हो रही हैं। सबसे पहले तो सत्ता से बेदखल हुई भाजपा अब प्रतिपक्ष की भूमिका में अधिक आक्रामक रूप से नई सरकार की किसी चूक पर हमलावर होगी, दूसरी तरफ आम लोगों की बढ़ी हुई आकांक्षाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का दबाव भी इस सरकार पर अधिक होगा। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 20 लाख नौकरियां व रोजगार देने का जो एलान किया है, वह एक बहुत बड़ी घोषणा है। अगर इस वादेको जमीन पर उतारने में वह कामयाब हुए, तो इससे न सिर्फ बिहार के नौजवानों का भला होगा, बल्कि गठबंधन बदलने के कदम के मुखर आलोचकों को भी जवाब मिल जाएगा। लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। अव्वल तो उनकी सरकार के पास बमुश्किल तीन साल का वक्त रह बचा है। दूसरा, तमाम सरकारी विभागों की रिक्तियों को भरने के लिए राज्य सरकार को भारी आर्थिक संसाधन की दरकार होगी। बदली राजनीतिक स्थितियों में वह केंद्र से उदार सहयोग की अपेक्षा नहीं कर सकती। इसलिए इस सरकार के सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभाग में एक ऐसी कार्य-संस्कृति लानी पड़ेगी, जिसमें न सिर्फ त्वरित फैसले हो सकें, बल्कि उनकी तमाम योजनाएं रोजगारोन्मुख हों।

सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल पार्टियों की नई सियासी गोलबंदी 2024 के आम चुनाव से प्रेरित है। मगर इन दलों को मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि शासन के स्तर पर ठोस प्रदर्शन किए बगैर वे सिर्फ सामाजिक गठजोड़ की बदौलत कामयाब हो जाएंगे। ठीक है, नए मंत्रिमंडल में अति-पिछड़े वर्गों को अच्छा-खासा प्रतिनिधित्व दिया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री के पास 36 मंत्री रखने की ही सांविधानिक बाध्यता है, और बिहार में राजनीतिक रूप से जागरूक ऐसी अनेक जातियां हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में नुमाइंदगी नहीं मिली है। कोई भी सरकार सभी जातियों को मंत्री पद नहीं दे सकती। ऐसे में, सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए उन्हें संतुष्ट करने की चुनौती हमेशा रहेगी। बिहार को एक स्थिर और बेहद सक्रिय सरकार की जरूरत है, जो वास्तव में बदलाव का एहसास कराए। जैसा नीतीश कुमार-भाजपा गठबंधन के पहले कार्यकाल में हुआ था। तेजस्वी यादव के पास सीधे जनता से जुड़ने वाले विभाग हैं। अगर वह अपने कार्यों से बिहार के लोगों को आश्वस्ति दे सके, तो यह उनके भी हक में होगा व राज्य के हित में भी।

## बजट कटौती के बाद ‘जय अनुसंधान’!

देश के हर प्रधानमंत्रियों का यह शगल होता है कि वे कुछ ऐसा नारा दें, जो अमर हो जाए, जिसे लोग याद रखें। कोई नया नारा नहीं होता है तो पुराने नारों में ही नई बात जोड़ी जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार लाल किले से अपने भाषण में एक ऐतिहासिक नारे में नई बात जोड़ी। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने ‘जय जवान, जय किसान’ का नारा दिया था, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी ने ‘जय विज्ञान’ जोड़ा। इसके आगे उन्होंने इस नारे में ‘जय अनुसंधान’ जोड़ दिया। यानी अब नारा है ‘जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान’। कोई भी नेता जब इस तरह का कोई नारा देता है तो वह उसकी प्रतिबद्धता से जुड़ा होता है। लेकिन अफसोस की बात है कि मौजूदा सरकार अनुसंधान के साथ वैसी प्रतिबद्धता से नहीं जुड़ी हुई है। उलटे इस सरकार में अनुसंधान के बजट में कटौती की जा रही है।

इक्का-दुक्का सरकारों को छोड़ दें तो दुनिया की ज्यादातर सरकारें अनुसंधान में लगने वाले पैसे को बरबादी मानती हैं। यह निवेश दिखता नहीं है और इसका लाभ मिलेगा ही इसकी गारंटी नहीं होती है। इसलिए लोकप्रियता के लिए अपने सारे काम करने वाली सरकारें शोध व विकास के काम में निवेश नहीं करती हैं। दूसरी ओर दुनिया के सबसे शक्तिशाली मुल्क अमेरिका की ताकत ही अनुसंधान में निवेश है। जापान और चीन सहित दुनिया की शीर्ष 20 कंपनियां अनुसंधान में जितना निवेश करती हैं उतना अकेले अमेरिका करता है।


इसके उलट भारत में अनुसंधान पर निवेश में कमी आ रही है। भारत में पहले से ही इसमें निवेश कम है। जीडीपी के मुकाबले सिर्फ 0.66 फीसदी रकम इस क्षेत्र में निवेश की जाती है। इसमें भी साढ़े 61 फीसदी के करीब डीआरडीओ, इसरो और एटॉमिक एनर्जी को चला जाता है। सिर्फ 38 फीसदी जनरल रिसर्च के लिए जाता है, जिसमें आईसीएआर, सीएसआईआर, आईसीएमआर, डीएसटी, डीबीटी आदि सब शामिल हैं। विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंदर रिसर्च के तीन विभाग आते हैं- डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी यानी डीबीटी, डिपार्टमेंट ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च यानी डीएसआईआर और डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी यानी डीएसटी, इस साल के बजट में इन तीनों के खर्च में कटौती की गई है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में इनका बजट 14,793 करोड़ रुपए था, जिसे वित्त वर्ष 2022-23 में घटा कर 14,217 करोड़ कर दिया गया था। यानी 576 करोड़ की कटौती हुई है।

> “ केरल और हिमाचल प्रदेश में बिजली सब्सिडी कम्पनियों को देने के बजाय सीधा उपभोक्ता को ट्रांसफर कर दी जाती है, लिहाजा बकाया लटकता नहीं रहता और आम नागरिक तक सब्सिडी पहुंच भी जाती है। दूसरे राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री अविलम्ब मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं, ताकि किसी साझा निष्कर्ष तक पहुंचने की बात आगे बढ़ सके।

# बकाए बिजली बिल

अजय दीक्षित

पीएम मोदी ने खराब भुगतान की पुरानी आदत और देश में ऊर्जा संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया है । यह संकट 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है, लिहाजा हालात सामान्य नहीं हैं । पीएम मोदी का बयान भी गम्भीर है, आगाह करने वाला है, क्योंकि भुगतान का बकाया बना रहेगा और बिजली उत्पादक कम्पनियों का घाटा बढ़ता रहेगा तो एक स्थिति यह भी आ सकती है कि बिजली पैदा करने का सवाल खड़ा हो जाये और देश का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबता लगे । यदि मौजूदा बिजली संकट को आम नागरिक के नज़रिये से देखें, तो यह मासूम और बेकसूर है । औसतन नागरिक समयबद्ध तरीके से बिजली के बिल का भुगतान करता है । उसे बिजली कनेक्शन काट दिये जाने का भी भय रहता है । सवाल यह है कि ऐसे भुगतान के अरबों रुपये कहाँ ठहर जाते हैं या रोक लिए जाते हैं अथवा सब्सिडी का भुगतान भी नियमित तौर पर नहीं किया जाता । सरकार के खातों में कई फ्रॉड दफन हैं । उनकी जांच होनी चाहिये । देश में लगभग सभी सरकारें सब्सिडी मुहैया कराती हैं, लेकिन उसका यथा समय भुगतान न करने से बिजली वितरण के नुकसान भी बढ़ते रहते हैं । नतीजतन बिजली उत्पादक कम्पनियों पर भी व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं । बीते जुलाई माह तक 1.13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राज्यों पर अथवा बिजली वितरण कम्पनियों पर बकाया थे, जो उन्हें उत्पादक कम्पनियों को देने चाहिये थे । बिजली वितरण कम्पनियों का अपना रोना है कि



उनका कुल घाटा 5,22,869 करोड़ रुपये का है । यानि जिस संकट का खुलासा प्रधानमंत्री ने देश के सामने किया है, संकट उससे भी ज्यादा गहरा और व्यापक है । सरकारी डाटा के मुताबिक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और जम्मू कश्मीर आदि राज्यों और संघ शासित क्षेत्र पर सबसे ज्यादा बकाया शेष है । तमिलनाडु पर 25,553) करोड़, महाराष्ट्र पर 19,745 करोड़, उप्र पर 10,755 करोड़ और जम्मू-कश्मीर के हिस्से 10,669 करोड़ रुपये के करीब बिजली भुगतान का बकाया खड़ा है । इनके अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक, हरियाणा, झारखण्ड, राजस्थान, बंगाल, केरल, पंजाब और आंध्रप्रदेश आदि राज्य भी इसी हमाम में नंगे हैं । सवाल है कि राज्यों के बिजली बोर्ड या बिजली वितरण कम्पनियां, बिजली उत्पादक कम्पनियों से, जो बिजली लेती रही हैं, उनका समयबद्ध भुगतान क्यों नहीं करतीं ? इसका सीधा असर उत्पादक कंपनियों की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है, क्योंकि वे अपने आर्थिक दायित्व पूरे नहीं कर पातीं । प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि उत्पादक कम्पनियां बेहद वित्तीय संकट में 8 और उनका घाटा 2020 में ही 5 लाख करोड़ रुपये पार कर चुका है । प्रधानमंत्री खुद दखल देकर इसका समाधान निकाल सकते हैं । वे सर्वदलीय और मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं और ऊर्जा संकट के प्रति सचेत करें । भारत सरकार ने 2016 में बिजली की दर और लागत सम्बन्धी जो नीति तैयार की थी, यह वितरण के नुकसान के 20 फीसदी तक सब्सिडी की अनुमति देती है । बिजली कानून के मुताबिक, वितरण कम्पनियों को सब्सिडी की राशि अग्रिम दी जानी चाहिये । यदि कानून का अक्षरशः पालन किया जाये, तो बिजली पर सब्सिडी दी जा सकती है, बिजली सस्ती दी जा सकती है या बिजली की आपूर्ति मुफ्त की जा सकती है राजधानी दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली निःशुल्क है, फिर भी बजटीय घाटा अपनी सीमा में है । दिल्ली पर बकाया मात्र 3 करोड़ रुपये है । यह इसलिए है, क्योंकि सरकार सब्सिडी का भुगतान वितरण कम्पनियों को नियमित करती रही है । बहरहाल प्रधानमंत्री ने जो चिन्ता और सरोकार व्यक्त किये हैं, वे वित्तीय समस्या से जुड़े हैं । वह दलीय राजनीति नहीं है । राज्य भारत सरकार से भी कर्ज और अनुदान लेते रहे हैं, करों में उनकी जो हिस्सेदारी है, वह भी देर सबेर उन्हें मिल जाती है, उनका बजट अपने संसाधनों पर आधारित है, फिर भी राज्यों पर कर्ज़ और बकाये का बोझ बना रहता है। कमोवेश यह विरोधाभास स्पष्ट होना चाहिये । बीते दो दशकों में भारत सरकार भुगतान के बकाए की दुरावस्था का कोई हल नहीं ढूंढ सकी है, लिहाजा बकाया बढ़ता जा रहा है। केरल और हिमाचल प्रदेश में बिजली सब्सिडी कम्पनियों को देने के बजाय सीधा उपभोक्ता को ट्रांसफर कर दी जाती है, लिहाजा बकाया लटकता नहीं रहता और आम नागरिक तक सब्सिडी पहुंच भी जाती है । दूसरे राज्य भी यह प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन हमारा मानना है कि प्रधानमंत्री अविलम्ब मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाएं, ताकि किसी साझा निष्कर्ष तक पहुंचने की बात आगे बढ़ सके।

# ताकि सही जांच और इलाज से कोई वंचित न रह जाए

एन एस बिष्ट, वरिष्ठ डॉक्टर

डॉक्टरों का आला अगर उनका कान है, तो अल्ट्रासाउंड आंख की तरह है। अल्ट्रासाउंड एक साधारण पोर्टेबल मशीन से किया जा सकता है, लेकिन समस्या यह है कि देश में 1.5 लाख की आबादी पर सिर्फ एक प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट है। अब जरा इसकी तुलना अमेरिका से कीजिए, जहां 3,500 से भी कम लोगों के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध है। यही कारण है कि वहां चिकित्सकीय लापरवाही या डॉक्टर की अनुपलब्धता से होने वाली मृत्यु-दर भारत के मुकाबले अत्यंत कम है। भारत में एक अनुमान के अनुसार, 50 लाख लोग प्रतिवर्ष चिकित्सकीय लापरवाही की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि अमेरिका में यह संख्या महज चार लाख है। प्रशिक्षण, कौशल और डॉक्टरों की कमी को सीधे-सीधे इसके लिए जिम्मेदार माना जाता है। विशेषज्ञों की एक राय है कि घायल लोग या किसी स्ट्रोक या सदमे के मरीज की जांच के लिए सीटी स्कैन और एक्स-रे के मुकाबले अल्ट्रासाउंड कहीं बेहतर तरीका है। इमरजेंसी व ट्रॉमा की स्थिति में दिल, फेफड़ों, पेट (लिवर व किडनी) की चोटों का पता लगाने के लिए अल्ट्रासाउंड सबसे कारगर उपकरण है। अल्ट्रासाउंड सिर्फ पेट ही नहीं, पूरे शरीर का फटाफट बिना किसी परेशानी के हो सकता है।



अब एक अलग नजरिये से इलाज के लिए उपलब्ध डॉक्टर की समस्या भी समझते हैं, इलाज करने और सही इलाज करने में फर्क है। सलमान रुश्दी के मिडनाइट चिल्ड्रेन में उस कश्मीरी डॉक्टर का परदे के छेद से हाथ डालकर महिला मरीज का इलाज करना हैरतअंगेज लग सकता है, किंतु अल्ट्रासाउंड के अभाव में भी कई बार फिजिशियन या डॉक्टर की यही स्थिति हो जाती है। गंभीर और ट्रॉमा रोगी के इलाज के लिए त्वरित निदान और उपचार की जरूरत होती है। इसके लिए तुरंत परीक्षण और आपात अल्ट्रासाउंड आवश्यक है, जिससे चोट की गंभीरता या परेशानी का असल कारण पता चले और तुरंत सही उपचार शुरू हो। समय पर सही इलाज से बहुत से लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।

अल्ट्रासाउंड क्यों जरूरी है और क्या इसे आम डॉक्टर कर सकता है? इस मुद्दे पर चर्चा बहुत जरूरी है। साल 1963 में शुरू हुए मेडिकल अल्ट्रासाउंड की पहुंच आम जन तक आज भी सहजता से क्यों नहीं है? क्या कन्या भ्रूणहत्या रोकने के लिए बना पीएनडीटी ऐक्ट इसके लिए जिम्मेदार है? भारत में साधारण रेडियोलॉजी (इमेजिंग तकनीक) भी अभिजात्य बनकर क्यों रह गई है? इसलिए कि देश में रेडियोलॉजिस्ट की भारी कमी है। पश्चिम की तरह यहां भी आपात अल्ट्रासाउंड को क्यों नहीं बढ़ावा दिया जा सकता? जीवन बचाना जरूरी है। समस्या अल्ट्रासाउंड से नहीं है, समस्या अनैतिकता की वजह से है। तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के उपाय चिकित्सा बिरादरी को अलग से भी करने चाहिए।

पीएनडीटी ऐक्ट 1994 के अनुसार, अल्ट्रासाउंड करने के लिए एक वर्ष का अनुभव या छह माह की ट्रेनिंग पर्याप्त है। इसे कोई भी आरएमपी या डॉक्टर कर सकता है। इसके लिए पीजी या एमडी की डिग्री आवश्यक नहीं। ऐसे में, हमारे पास पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध हैं, जिनको प्रशिक्षित किया जा सकता है, एक जिला अस्पताल में करीब 50 विशेषज्ञ और 10 ईएमओ मौजूद रहते हैं। इनमें से ज्यादातर ईएमओ व स्त्रीरोग विशेषज्ञों के साथ-साथ फिजिशियन-सर्जन आदि को अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग लगातार रोटेशन पर दी जा सकती है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में केवल 10 हजार प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट मौजूद हैं। एक अध्ययन में ए-आई आधारित रिपोर्टिंग को समाधान बताया गया है, पर अल्ट्रासाउंड करने वाले तकनीशियन या डॉक्टर का विकल्प फिर भी कोई नहीं हो सकता। जैसे गहन चिकित्सा को डॉक्टरों से उठाकर नर्सों के हवाले किया गया, वैसे ही अल्ट्रासाउंड को रेडियोलॉजिस्ट या विशेषज्ञों की पकड़ से बाहर लाने की जरूरत है। जितना ज्यादा सामान्य डॉक्टर अल्ट्रासाउंड करने लगेगा, उतना ही आम लोगों तक उसकी पहुंच बढ़ेगी। इससे स्किल गैप भी घटेगा। स्किल गैप पहाड़ी प्रदेशों में सबसे ज्यादा है, जिसे पाटने की जरूरत है। इसके लिए मेडिकल कॉलेज ही नहीं, जिला अस्पताल भी प्रशिक्षण के केंद्र बनाए जा सकते हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





आंसू गिरा, दर्द बह गया पर, तड़पती-सिसकती वेदनाएं तार-तार, हो गई कैसे जिये! बूढ़ें मां-बाप दिल दहलाने वाली घटनायें, वीडियो बनाकर हर जगह दिखा रहें।

-अंजली जैन
7024460938

# अब कैसे खत्म करेंगे नीतीश को?

हरिशंकर व्यास

अपना मानना है नीतीश कुमार को भाजपा सियासी तौर पर पिंजरे में निपटा सकती थी। मगर अब वे क्योंकि आजाद हैं और पिछड़ों की मंडल राजनीति के गढ़ बिहार की पिछड़ा-दलित पार्टियों की साझा सरकार के नेता हैं तो उन्हें ईडी-सीबीआई के छापों से डराना, विधायकों की खरीद-फरोख्त से गिराना आसान नहीं होगा। वैसी गलती की तो बिहार के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के पिछड़े वोटों, झारखंड, ओडिसा, बंगाल के वोटो में नरेंद्र मोदी के वोट टूटेंगे। सन् 2024 के चुनाव तक बिहार में नीतीश-तेजस्वी एक और एक ग्यारह रहेंगे। इसलिए तेजस्वी यादव को जेल मे डालें या ललन सिंह, नीतीश कुमार के करीबियों पर ईडी के छापे डालें सबका जनता में उलटा रिएक्शन होना है। केंद्र सरकार जितने छापे डालेगी, बिहार में नीतीश-राजद-कांग्रेस की उतनी सीटें बढ़नी हैं।

मगर दूसरा कोई राजनीतिक तरीका भी नहीं है। तय मानें बिहार में 2024 में बेरोजगारी और आर्थिक बदहाली नंबर एक मुद्दा रहेगा। बिहार की नौजवान आबादी और मोदी सरकार के राज में उसकी बेगारी से गुस्सा बनता हुआ है। यदि



नीतीश-लालू-तेजस्वी, मांझी, उपेंद्र कुशवाह ने समझदारी से साझा बनाए रखा तो विधानसभा चुनाव से पहले 2024 के लोकसभा चुनाव में ये बहुत फायदे में रहेंगे।

तभी अपने को खटका है कि कुछ भी हो जाए, सरकार को बदनाम करने, गिराने की हर संभव और सबसे गंभीर कोशिशें बिहार में ही होंगी। मुझे पता है नीतीश की पार्टी में विभीषण हैं। पर जनता दल यू या राजद से कितने विधायक तोड़े जा सकते हैं? इसकी रियलिटी के कारण ही मोदी-शाह ने नीतीश कुमार को फटाफट शपथ लेने दी। यह चर्चा मामूली नहीं कि आशंका में अमित शाह ने नीतीश कुमार से पहले पूछा कि सब ठीक तो है तो दूसरी तरफ तेजस्वी यादव से भी एप्रोच भिड़ाई गई। हां, मोदी-शाह इस सीमा तक भी जा सकते हैं कि लालूजी हमारे साथ आओ, हम आपके और आपकी पार्टी के सभी संकट दूर कर देंगे। तेजस्वी को मुख्ममंत्री बना देते हैं। सन् 2024 से पहले हर संभव कोशिश होगी कि लालू-तेजस्वी को पटा कर भाजपा उनका भगवा तिलक करे। मोदी-शाह बिहार-झारखंड की 54 लोकसभा सीटों के लिए किसी भी सीमा तक जाएंगें। कुछ भी करेंगे। लालू के जन्मदिन पर उनके घर जा कर उनके जन्मदिन का गुलदस्ता भी दे देंगे।

इसलिए अगले 18 महीनों में मोदी-शाह की बिहार शतरंज देखने लायक होगी!


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें

अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444

स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर के मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी में दिखा देशभक्ति का भाव

## आजादी का अमृत महोत्सव जागरूकता प्रतियोगिता में 39 बने विजेता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (पीआईबी)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी के तहत तीन दिनों में रस्सा खींच, मटकाफोड़, देशभक्ति गीत गायन, निबंध, भाषण, रंगोली, पेंटिंग, प्रश्नमंच व कुर्सी दौड समेत कुल नौ जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन जागरूकता प्रतियोगिताओं में शहर के 23 शिक्षण संस्थानों के 687 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया।

इनमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 39 प्रतिभागियों ने बाजी मारी। रस्सा खींच् व मटका फोड़ को छोड़ कर शेष प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व दो सांत्वना पुरस्कार निर्धारित था। सभी विजेता प्रतिभागियों को गुरूवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी साकेत रंजन व केंद्रीय संचार ब्यूरो रायपुर




के कार्यालय प्रमुख शैलेष फाये के हाथों पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

इससे पूर्व तीसरे दिन प्रश्नमंच, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच व देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न संस्थानों से जुड़े कलाकारों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से आजादी का अमृत महोत्सव का संदेश दिया गया।

भारतीय डाक विभाग की ओर से सुनीता द्विवेदी ने डाक विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शून्य बैलेंस वाले चाइल्ड बचत खाते खोलने के लिए प्रोत्साहित किया। यूनिसेफकी रीमा गांगुली ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चलाए जा रहे 75 दिनों के लिए चलाए जा रहे नि:शुल्क वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी गई।

इस संबंध में कार्यक्रम के आयोजक अधिकारी शैलेष फाये ने बताया कि भारतीय रेल के नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट स्केटिंग कोर्ट परिसर में आयोजित त्रिदिवसीय मल्टीमीडिया चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन 16 अगस्त को सांसद अरुण साव व दक्षिण पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक आलोक कुमार के हाथों हुआ था। इसके तहत जागरूकता रैली, विविध प्रकार की जागरूकता प्रतियोगिताओं व गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव का संदेश दिया गया।

मुख्य कार्यक्रम स्थल पर देश की आजादी के विभिन्न घटनाक्रमों को ऐतिहासिक फोटो व संदेश के माध्यम से लोगों में जागरूकता प्रसार किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े विभिन्न संस्थानों, रेलवे के विभिन्न स्कूल, बुधवारी बाजार स्थित शासकीय विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय का सहयोग रहा। कार्यक्रमों के समन्वय में केंद्रीय संचार ब्यूरो बिलासपुर के कार्मिक खेलन दीवान, केवी गिरी, शशांक सचान, अंबिकालाल व रंजीत मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सहयोग व समन्वय के लिए सभी का आभार क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने माना।

## संभागायुक्त कावरे ने नवीन जिला गठन के संबंध में विडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** महादेव कावरे, संभागायुक्त ने आज नवीन सृजित जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के गठन के संबंध में विडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में श्री डोमन सिंह, कलेक्टर राजनांदगांव, जिला खैरागढ़ के ओ.एस.डी. डॉ. जगदीश सोनकर, ओ.एस.डी. पुलिस सुश्री अंकिता शर्मा, इसी प्रकार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के ओ.एस.डी. श्री एस. जयवर्धन एवं ओ.एस.डी. पुलिस श्री येदुवल्ली अक्षय कुमार उपस्थित थे।




श्री कावरे ने अवगत कराया गया कि नवगठित जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का उद्घाटन 02 सितंबर 2022 को एवं खैरागढ़-छुईखदान-अंबागढ़ चौकी जिले का शुभारंभ 04 सितंबर 2022 को मुख्यमंत्री के द्वारा किया जावेगा, जिसके लिए तैयारी की जावे। संभागायुक्त दुर्ग द्वारा कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय हेतु शासकीय भवन के चयन के संबंध में कलेक्टर राजनांदगांव एवं संबंधित विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारियों से जानकारी ली गई।

इसके साथ ही कार्यालयीन स्टॉफहेतु अधिकारियों द्वारा पदभार ग्रहण करने के संबंध में एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई एवं नवीन जिले के विभिन्न विभागो में कार्य करने हेतु इच्छुक कर्मचारियो की सूची शासन की ओर अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजी गई है।

अधिकारियों को दायित्व सौपने के दिए निर्देश- संभागायुक्त श्री कावरे ने कलेक्टर कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम हेतु तैयारियों की समीक्षा की गई। उद्घाटन दिवस में स्थल पर लोकार्पण, भूमि पूजन एवं सामग्री वितरण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को भी दायित्व सौंपने के निर्देश दिए।

## खास खबर

### जन्माष्टमी से कृष्ण कुंज की शुरूआत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन कल कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिले को हरा-भरा करने के लिए कृष्ण कुंज के माध्यम से एक अनुठी शुरुआत करने जा रहा है। दुर्ग जिले के अंतर्गत कुल 9 नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज विकसित किया गया है, जहां पर बरगद, पीपल, नीम, कदम्ब तथा अन्य सांस्कृतिक महत्व के वृक्षों का रोपण किया जाएगा। इस अवसर पर दुर्ग वनमण्डल ने जिले वासियों से अपील की है कि वो ज्यादा से ज्यादा कृष्ण कुंज से जुड़े और वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण करें। इस अवसर पर बड़े पैमाने में वृक्षा रोपण करने के लिए छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कल प्रात: 11.00 बजे जिले में चिन्हीत किये गये स्थानों पर कृष्ण कुंज योजना का शुभारंभ करेंगे।

### 27 अगस्त तक आंगनबाड़ी सहायिका के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के जेवरा, ढाबा व अंजोरा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के रिक्त पद के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी की गई है जिसमें जेवरा में प्रथम वरीयता श्रीमती माण्डवी साहू, द्वितीय वरीयता श्रीमती चमेली यादव, तृतीय वरीयता श्रीमती कुसुम देशमुख हैं। इसी प्रकार ढाबा में प्रथम वरीयता श्रीमती योगेश्वरी विश्वकर्मा, द्वितीय वरीयता श्रीमती पूजा यादव, तृतीय वरीयता श्रीमती निरूपमा हैं। इसी प्रकार अंजोरा में श्रीमती लीला डहरे, द्वितीय वरीयता श्रीमती हेमलता देशमुख, तृतीय वरीयता श्रीमती त्रिवेणी देशमुख हैं। इसके संबंध में दावा आपत्ति/अभ्ययावेदन (दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जावेंगे) कार्यालयीन समय में दिनांक 27 अगस्त तक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग (ग्रामीण) में जमा कर सकते हैं।

## नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण साव के भिलाई जिला में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

### कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर नेहरू नगर टोल प्लाजा तक जगह-जगह भाजपा कार्यकताओं ने किया स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का उनकी नियुक्ति के पश्चात भिलाई जिला में प्रथम आगमन हुआ।कुम्हारी से लेकर नेहरू नगर तक भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का भव्य आत्मीय स्वागत किया। जिला नेतृत्व के द्वारा कुम्हारी चौक,भिलाई तीन-चरौदा,पावर हाउस,कोसा नगर टोल प्लाजा इन सभी जगहों पर स्वागत स्थल बनाया गया था सभी स्वागत स्थल पर भाजपा नेताओं के द्वारा गाजे बाजे और पुष्प वर्षा के साथ नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार एवं मोटर सायकल रैली निकाल कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के काफिले की अगुवाई की।



कुम्हारी चौक पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।भिलाई तीन-चरौदा में भाजपा मंडल अध्यक्ष तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की अगवाई में उनकी पूरी टीम के द्वारा बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया।इसी तरह पावरहाउस भिलाई में कैम्प मंडल,खुर्सीपार मंडल,पूरब मंडल जामुल मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की जिम्मेदारी दी गयी थी यहां पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने स्वयं नेतृत्व किया एवं उनके नेतृत्व में ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी एव पुष्पवर्षा से प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव जी का भव्य आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर मिठाई वितरण भी किया गया।यहां स्वागत उपरांत जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रैली की शक्ल में उनके साथ पावरहाउस से घड़ीचौक सुपेला होते हुए कोसानगर टोल प्लाजा स्वागत स्थल पहुंचे जहां पर पश्चिम मंडल,रिसाली मंडल,सुपेला मंडल,वैशाली नगर मंडल के भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के स्वागत के लिए काफी उत्सुकता में खड़े होकर अपने प्रदेश नेतृत्व का इंतजार कर रहे थे।कोसानगर टोल प्लाजा पर भी सभी भाजपा मंडल अध्यक्षो के नेतृत्व तथा भाजयुमो मंडल अध्यक्षो के नेतृत्व में अपनी अपनी मंडलो की टीम के साथ बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी एवं फूल मालाओं के अलावा पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए, भुखमरी, गरीबी से मुक्ति के लिए नक्सल से मुक्ति के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। आज कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ को जिस दिशा में ले जा रही हैं वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं, हम सभी मिलकर इस सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को छला गया लगातार ठगा गया आज प्रत्येक वर्ग कांग्रेस की सरकार से परेशान हैं प्रताड़ित महसूस कर रहा हैं। छत्तीसगढ़ में माफ़िया राज चल रहा हैं, छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया गया हैं। नशे का काला कारोबार फल फूल रहा हैं। किसान युवा महिला बुजुर्ग सभी वर्ग अपने आप को छला हुआ ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हम कह सकते हैं कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों से खाद, बीज, बारदाना, रकबा छीना क़िस्तों में धान की कीमत दे छलने का काम किया, युवाओं से रोजगार और भत्ता छीना, गरीबों से छीना अन्न और आवास, बुजुर्गों से वृद्धा पेंशन छीना कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ की जनता के साथ छिनने और लूटने के अलावा कोई काम नहीं किया है। माफ़िया राज चल रहा हैं रेत माफ़िया, शराब माफ़िया, सीमेंट माफ़िया, नशा माफ़िया, भू माफ़िया, कोल माफ़िया का राज चल रहा है। समय आ गया है अटल जी के सपने के छत्तीसगढ़ को सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की दिशा में पुन: वापस ले जाने का और मुझे पूरा विश्वास हैं कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के परिश्रम और छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता के विश्वास से छत्तीसगढ़ में अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और छत्तीसगढ़ में एकबार पुन: विकास और विश्वास का कमल खिलेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज का दिन कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ हर परिस्तिथि में सुख में दु:ख में विपरीत परिस्थिति में कंधे से कंधा मिला कर खड़े रहने का विश्वास दिलाया और कार्यकर्ताओं को प्रणाम कर धन्यवाद दिया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के भिलाई प्रथम आगमन पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश पांडेय ने कहा कि यह समय चुनौती का हैं।

## भिलाई निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर 288 दुकानों पर की कार्रवाई, वसूला 1 लाख 34 हजार जुर्माना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार बाजार क्षेत्रों एवं दुकानों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर जब्ती के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई कर रही है इसी तारतम्य में 288 दुकानों में कार्रवाई करते हुए 134200 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही अभियान लगातार जारी है। प्रत्येक जोन में अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए पाया जा रहा है वहां इसे जब्ती करते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने भी प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है। निगम ने अपील की है कि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें।

प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है जिसको देखते हुए इस पर भिलाई निगम क्षेत्र में कड़ाई करना प्रारंभ कर दिया गया है। भिलाई निगम ने 288 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 134200 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।

## रिलायंस फाउंडेशन की पहल से बेलसोंडा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** आजादी के 75वे वर्ष गांठ के रूप में आजादी के अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के रूप में शासकीय प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक शाला बेलसोंडा ब्लॉक महासमुंद जिला महासमुंद में रिलायंस फाउंडेशन के तत्वावधान से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 6वी से लेकर 10वी तक के 250 से ज्यादा छात्र तथा छात्राओं ने भाग लिया । जिसमे आज का बदलते हुए भारत, सेना के जवान तथा आजादी के समय होने वाले उपलब्धियां, बलिदान, महापुरुष, तथा भारत माता की




झलकियों साथ ही किसानों द्वारा किये जा रहे कृषि कार्य को बच्चो ने चित्रकला के माध्यम से रुबरु किया।

इस चित्रकला प्रतियोगिता में रिलायंस फाउंडेशन द्वारा ड्राइंग शीट कलर पेंसिल तथा जरूरी सामग्री प्रदान की गई। और सभी बच्चो ने अपनी पूर्ण रूप से प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की प्रिंसिपल श्रीमती एस. सिंहदेव तथा जगदीश सिन्हा, रूखमणी साहू , मोनिका पाटिल,तपस्विनी होता, रामकुमार भट्ट,सुधा ब्रम्हभट्ट,हेमलता ठाकुर,राजकुमारी पटेल,नीतू सिंह बिसेन,कल्पना शेट्टी, मिली गुप्ता ,संतोष चन्द्राकर,हेमराम साहू , लोकेश यदु , डीजेन्द्र साहू तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेलसोंडा के प्रधानपाठक श्री ए.के. शर्मा, अर्चना पात्रे,आशा यादव , सुनीता बंजारे ,कल्पना साहू बेलसोंडा स्कूल के सभी शिक्षक एवम शिक्षिका उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रिलायंस फाउंडेशन के कर्मचारी श्री चंद्रप्रकाश हलदार ( जिला प्रबंधक ) तथा महासमुंद जिला के (कार्यक्रम समर्थक) चुन्नीलाल धीवर तथा जय विश्वकर्मा, ओमकार धीवर व धर्मेंद्र साहू का विशेष योगदान रहा।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर



### छतीसगढ़ में अब तक 904.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 904.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से 18 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1906.8 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 362.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 526.8 मिमी, बलरामपुर में 476.6 मिमी, जशपुर में 535.2 मिमी, कोरिया में 542.0 मिमी, रायपुर में 690.1 मिमी, बलौदाबाजार में 909.4 मिमी, गरियाबंद में 971.7 मिमी, महासमुंद में 936.8 मिमी, धमतरी में 976.7 मिमी, बिलासपुर में 1029.2 मिमी, मुंगेली में 970.0 मिमी, रायगढ़ में 870.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1062.6 मिमी, कोरबा में 809.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 775.7 मिमी, दुर्ग में 797.4 मिमी, कबीरधाम में 875.6 मिमी, राजनांदगांव में 949.2 मिमी, बालोद में 1028.1 मिमी, बेमेतरा में 565.0 मिमी, बस्तर में 1291.5 मिमी, कोण्डागांव में 1049.7 मिमी, कांकेर में 1178.2 मिमी, नारायणपुर में 1075.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1303.6 मिमी और सुकमा में 867.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### रोजगार मेला: सांकरा में 22 अगस्त को और रायपुर में 23 अगस्त को

रायपुर। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 22 और 23 अगस्त को रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इन दोनों दिन युवा जिले के निजी संस्थानों में खाली दो हजार से अधिक विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आयोजित रोजगार मेला-प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते है। धरसीवां विकासखण्ड के सांकरा में होटल दिलबाग प्राइड में 22 अगस्त को मुख्यमंत्री युवा मितान रोजगार मेला लगेगा। वहीं 23 अगस्त को पुराना पुलिस लाइन परिसर स्थित रायपुर की जिला रोजगार कार्यालय में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन होगा। इन दोनों रोजगार मेला-प्लेसमेंट कैंप में 9 निजी संस्थानों द्वारा खाली विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए चयन और साक्षात्कार आयोजित किए जायेंगे। रोजगार मेला-प्लेसमेंट कैंप निर्धारित स्थलों पर सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगे। इसमें पाचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के साथ-साथ टेक्निकल पोस्टों के लिए बी.ई. सिविल, बी.बी.ए, एम.बी.ए, बी.सी.ए., टैली, जीएसटी सर्टिफिकेट आदि उत्तीर्ण और अनुभवी अभ्यर्थी भी शामिल हो सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को निजी संस्थानों में सात हजार रूपये से लेकर बीस हजार रूपये तक मासिक वेतन का रोजगार मिल सकेगा।

#### इन पदों के लिए होगी भर्ती

मार्केट एसोसिएट, एच.आर, केटलॉक एक्जिक्यूटिव, सीआरएम, एसीआरएम, सेल्स मैनेजर, बिलिंग स्टॉफ, सेल्स स्टॉफ, हाउस कीपर, सिक्यूरिटी गार्ड, मैनेजमेंट स्टॉफ, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सिविल इंजीनियर, साइट इंजीनियर, एकाउंटेंट, वाहन चालक, टैली कॉलर, डिलवरी ब्वाय, हेल्पर, बाइक राइडर, सिक्यूरिटी सुपरवाइजर, फील्ड टेऊनर, ऑफिस अस्टिंटेंट, बीपीओ, सॉप्टवेयर डेवलपर और मोबेलाइजर।

#### यह 11 निजी संस्थान करेंगे भर्ती

अलर्ट प्लेसमेंट सर्विस, रायपुर रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विस (रैपिडो), टैंगों सिक्यूरिटी सर्विसेस रायपुर, बुक कार्बो रायपुर, आई थ्री सर्विस एण्ड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, बॉम्बे इंटेलिजेन्स सिक्यूरिटी रायपुर, स्टार हेल्थ इंस्योरेंस कंपनी रायपुर, जिप्पी हायर सर्विसेस रायपुर, करूण जॉब कंसलटेंसी रायपुर, टॉप कैरियर सर्विसेस रायपुर, माइल स्टोन रायपुर।

मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों के प्रति कर रहा जागरूक

# न्याय रथ से पीड़ित महिलाओं को मिलेगा समाधानः डॉ. किरणमयी नायक

## राजधानी के कई स्कूलों और वार्डों में 21 अगस्त तक पहुंचेगा न्याय रथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को उनके अधिकारों और विधिक प्रावधानों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ यात्रा राजधानी रायपुर पहुंच चुकी है। विगत 16 अगस्त से महतारी न्याय रथ राजधानी के स्कूलों में पहुंच कर शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार की जानकारी दे रहा है। इसके साथ न्याय रथ शहर के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक कर रहा है। यह रथ आगामी 21 अगस्त तक राजधानी के कई स्कूलों और वार्डों में पहुंचेगा।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 28 जुलाई को हरेली के अवसर पर मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को रवाना किया था। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पहल पर प्रदेश की महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों और कानूनों की जानकारी देकर जागरूक करने और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से यह न्याय रथ यात्रा शुरू की गई है। प्रथम चरण में रथ प्रदेश के नौ जिलों में जाएगा।

सबसे पहले दुर्ग जिले के भ्रमण के बाद यह रथ रायपुर जिले में पहुंचा है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से आयोग की गतिविधियों, महिलाओं के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों, शासन की विभिन्न योजनाओं तथा महिलाओं के सशक्तिकरण संबंधित लघु फिल्में दिखाई जा रही हैं, इसमें लैंगिक उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट से संबंधित फिल्में भी शामिल हैं।ये फिल्में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के साथ खुद के प्रति हिंसा के विरोध का सही रास्ता दिखाएंगी। उन्होंने बताया कि रथ के साथ अधिवक्तागण और आयोग के अधिकारी कर्मचारी भी साथ रहते हैं, जिससे पीड़ित महिलाओं को तत्काल उनकी शिकायतों और जिज्ञासाओं का समाधान मिल सकेगा। न्याय रथ के माध्यम से महिलाएं आवेदन भी दे सकेंगी।

न्याय रथ ने अब तक रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित सरस्वती स्कूल, नयापारा, दानी गर्ल्स स्कूल, सालेम स्कूल, तेलीबांधा स्कूल, बीपी तिवारी स्कूल, मधु पिल्ले स्कूल, त्रिमूर्ति नगर, जागृति नगर और खमतराई में भ्रमण कर लिया है। न्याय रथ 19 अगस्त को नारी निकेतन शासकीय बालिका गृह, 20 अगस्त को शासकीय हाई स्कूल रामनगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनता कालोनी, कृष्णा नगर, भवानी नगर तथा 21 अगस्त को संजयनगर के अम्बेडकर चौक और धरमनगर, राधा बाई कॉलेज दूधाधारी मठ और टिकरापारा स्कूल पहुंचेगा।

# शिक्षकों को स्थानांतरण के लिए करना पड़ेगा ऑफलाइन आवेदन




**रायपुर।** ऑनलाइन पारदर्शी स्थानांतरण कराने की नीति के बीच स्कूल शिक्षा विभाग ने अब शिक्षकों से स्थानांतरण के लिए ऑफलाइन आवेदन मंगाया है। विभाग की ओर से गुरुवार को जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षकों से जिला और राज्य स्तर पर स्थानांतरण के लिए ऑफलाइन आवेदन लिया जाए। हालांकि स्थानांतरण आदेश आनलाइन ही जारी किया जाएगा।

इसके पहले विभाग ने शिक्षकों के ऑफलाइन आवेदन पर रोक लगा दी थी और सीजीस्कूल डाट इन वेबपोर्टल के जरिए स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। इस पोर्टल पर प्रदेश के 19 हजार शिक्षकों ने आवेदन कर रखा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि जिन्होंने आनलाइन आवेदन कर रखा है, उनके आवेदनों को निरस्त नहीं किया जाएगा।

जिलों और राज्य स्तर पर आवेदन भेज दिए जाएंगे लेकिन ऑनलाइन में हजारों आवेदनों को अधिकारियों ने अस्वीकार भी कर दिया है। ऐसे में अब शिक्षकों को फिर से नए सिरे से ऑफलाइन आवेदन करना पड़ेगा। बता दें कि जिला स्तर पर 10 सितंबर तक व प्रदेश स्तर पर 30 सितंबर तक सभी स्थानांतरण पूरे कर लिए जाएंगे।

### दो वर्ष बाद हटा है स्थानांतरण से प्रतिबंध

कोरोना व अन्य कारणों से दो वर्ष से शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं हुआ है। इससे गंभीर बीमारी वाले शिक्षक, पति-पत्नी प्रकरण, आपसी स्थानांतरण, दिव्यांग, विधवा, परित्यक्ता, वृद्ध माता-पिता के प्रकरण वाले शिक्षक परेशान हैं। कई शिक्षकों ने अपने आवेदन में लिखा है कि वे अपने माता-पिता की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। वे अंतिम पड़ाव पर हैं।

### विवाद के बाद अपनाई थी ऑनलाइन नीति

स्थानांतरण को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे शिक्षा विभाग के अफसरों ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी करने का दावा किया था। इसके लिए समस्त स्थानांतरण एनआइसी की ओर से बनाई गई वेबसाइट के माध्यम से करने के लिए विकल्प भी दिया गया था। फरवरी 2022 से ही इस वेबपोर्टल को खोल दिया गया था। जरूरतमंद शिक्षकों ने स्थानांतरण के लिए साइबर कैफों के माध्यम से आवेदन किया था। ज्यादातर जिला शिक्षा अधिकारियों ने ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए अनुशंसा भी कर दी थी। अब फिर नए सिरे से शिक्षकों को अफसरों के आगे-पीछे दौड़ लगानी पड़ेगी।

### ऑफलाइन लिए जाएंगे नए आवेदन

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने कहा कि जिन्होंने ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन कर रखा है, उनको दोबारा करने की जरूरत नहीं है। नए आवेदन ऑफलाइन लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदनों को जिला और राज्य स्तर पर भेज दिया जाएगा।

# चिराग परियोजना अंतर्गत वर्ल्ड बैंक एवं अंतराष्ट्रीय कृषि विकास कोष की बैठक सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष द्वारा वित्तपोषित चिराग परियोजना की संयुक्त अर्द्धवार्षिक तीन दिवसीय बैठक दूसरे क्रियान्वयन सहयोगी मिशन के अंतर्गत 16 से 18 अगस्त को नवा रायपुर स्थित सी.बी.डी. भवन के चिराग परियोजना कार्यालय में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने आदिवासी क्षेत्र की परियोजना से स्थानीय पोषणयुक्त उत्पाद को बढ़ावा देने, उत्पाद का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण कर ब्रांडिंग करने, किसानों को उत्पाद का अधिक मूल्य दिलाने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार का उपलब्ध कराने के लिए सुझाव दिए। चिराग परियोजना अंतर्गत क्रियान्वयन होने वाली सभी गतिविधियों में पर्यावरण हितैषी मानक का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में चिराग परियोजना के प्रगति की समीक्षा की गई।




चिराग परियोजना निदेशक चंदन त्रिपाठी ने उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि सम्बंधित क्लस्टर निर्माण कर मूल्य संवर्धन की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने एवं नरवा योजना के माध्यम से नयी संरचना स्थापित कर तथा पुरानी संरचनाओं की मरम्मत कर भूजल स्तर को बढ़ाने का सुझाव दिया। वर्ल्ड बैंक के टास्क टीम लीडर राज गांगुली द्वारा परियोजना क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। अन्तर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष प्रमुख मीरा मिश्रा ने पोषण आधारित कृषि, ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने संबंधित अन्य राज्यों में संचालित हो रहे कृषि परियोजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में राज्य सरकार की नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के अंतर्गत गौठान के माध्यम से जुड़कर स्थानीय लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने एवं नाला संवर्धन के माध्यम से भू-जल स्तर बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कृषि उत्पाद आधारित प्रसंस्करण इकाई की स्थापना एवं जलवायु आधारित पोषण सहयोगी कृषि को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी दी गयी। छत्तीसगढ़ के जनजाति क्षेत्रों में पोषण युक्त उत्पादों को बढ़ावा देने एवं उसके सुरक्षित संग्रहण और ट्रांसपोर्टेशन सहित पोषण के अन्य परिप्रेक्ष्य में सुझाव दिए गए। भौगोलिक क्षेत्रों के आधार पर मल्टी कमोडिटी उत्पाद का केंद्र बनाकर ब्रांडिंग और सर्टिफिकेशन के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्पाद को स्थापित करने, कोदो, कुटकी, रागी के उत्पादन बढ़ाने एवं मूल्य संवर्धन करने पर चर्चा हुई। हाट बाजार के आधुनिकीकरण सहित परियोजना से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

मिशन टीम द्वारा सचिव वित्त से भी मुलाकात की गयी और आवश्यक निर्देश प्राप्त किए। बैठक में चिराग परियोजना की टीम के सभी सदस्य, कृषि, उद्यानकी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# नैक ग्रेडिंग की अनिवार्यता से छत्तीसगढ़ के 259 कालेजों की मान्यता पर लटकी तलवार

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद प्रदेश के छह विश्वविद्यालयों के 259 निजी कालेजों की मान्यता पर खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, मामला यह है कि राज्य में अब नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) ग्रेडिंग नहीं कराने वाले निजी कालेजों की मान्यता खत्म होगी। प्रदेश के 279 में से केवल 20 निजी कालेज ही नैक की ग्रेडिंग में हैं। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद रायपुर, बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़ और सरगुजा विश्वविद्यालय ने संबद्ध निजी कालेजों को नैक ग्रेडिंग अनिवार्य रूप से कराने पत्र लिखा है। निजी कालेजों को स्पष्ट कहा गया है कि दिसंबर-2022 तक हर हाल में ग्रेडिंग कराना होगा। नैक ग्रेडिंग को लेकर विश्वविद्यालयों द्वारा संबद्ध निजी कालेज प्रबंधनों को जुलाई में प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें नैक ग्रेडिंग की प्रक्रिया व तैयारियों की जानकारी दी गई थी। उच्च शिक्षा विभाग ने दिसंबर-2022 तक नैक ग्रेडिंग की प्रक्रिया पूरी करने के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर मानिटरिंग के लिए समिति बनाने निर्देश दिए हैं। निजी कालेजों का प्रदर्शन खराब रहा तो, विश्वविद्यालय को भी जवाब देना होगा।

# मूकबधिर बच्चों ने योग क्रियाओं का किया आकर्षक प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** योग के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में लगातार योगासन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में धमतरी में छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अस्थि एवं श्रवण बाधितार्थ संस्था, धमतरी के मूकबधिर बच्चों ने भी भाग लिया और उत्साह के साथ योग क्रियाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उपज मंडी कुरूद के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी की सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर, उपस्थित थी। इस अवसर पर योग आयोग के सचिव एम. एल. पाण्डेय सहित समाज कल्याण विभाग व योग आयोग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।







नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# अभिषेक बच्चन ने मुझे देखा और बोले आपको तो हीरोइन होना चाहिए: चार्मी कौर



बात उन दिनों की है जब अभिषेक बच्चन हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बनाने के लिए खूब मेहनत कर रहे थे। ऋतिक रोशन और करीना कपूर के साथ उनकी फिल्म 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' की हर तरफ चर्चे थे और शूटिंग हो रही थी फिल्म के गाने, 'बनी रे बनी मैं प्रेम दीवानी' की। शूटिंग के दौरान अभिषेक बच्चन की नजर एकाएक अपने पीछे बैठी एक युवती पर गई तो वह काफी प्रभावित हुए और बोले, 'आपको तो हीरोइन होना चाहिए।' अभिषेक बच्चन की कही ये बात दिल से लगा बैठी ये युवती थीं चार्मी कौर। चार्मी ने न सिर्फ दक्षिण की तमाम हिट फिल्मों मे काम किया बल्कि अभिषेक के पिता अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' में काम भी किया और अब अगले हफ्ते रिलीज होने जा रही फिल्म 'लाइगर' की निर्माता के रूप में भी जमाना उनको जानता है।

## पहली कमाई दो सौ रुपये

चार्मी कौर बताती हैं कि कैसे उन्होंने अपने करियर की शुरुआत फिल्मों में जूनियर आर्टिस्ट के तौर पर की। फिल्म 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' के गाने की शूटिंग के दौरान अभिषेक बच्चन के पीछे बैठने के उन्हें दो सौ रुपये मिले थे और अब उनकी 200 करोड़ की फिल्म 'लाइगर' रिलीज के लिए तैयार है। चार्मी के जीवन में एक ऐसा भी दौर आया जब उनके घरवालों के पास स्कूल की उनकी फीस भरने के पैसे तक नहीं होते।

## स्कूल की फीस भरने को नहीं थे पैसे

चार्मी कौर का जन्म मुंबई से सटे वसई में 17 मई 1987 को हुआ। उनके पिता दीप सिंह भूपत का गोरेगांव पूर्व में नट बोल्ट का कारखाना था। अचानक उनको लकवा मार गया तो कारखाना बंद करना पड़ा। चार्मी कौर बताती हैं, 'पिताजी की बीमारी की वजह से फैक्ट्री बंद हुई तो हम लोग बहुत परेशानी में आ गए। स्कूल में फीस भरने तक के पैसे नहीं होते थे। कई बार तो मेरे पड़ोस के शेट्टी अंकल ने ही मेरे स्कूल का फीस भरी। पिताजी वास्तुशास्त्र के जानकार थे तो उसी के चलते घर का खर्च किसी तरह निकल आता था। मैं 13 साल की थी तब और मुझे लगने लगा था कि मुझे भी कुछ काम करना चाहिए।

## ऐसे मिला पहला ब्रेक

कहते हैं कि सच्चे दिल से की गई प्रार्थना कभी बेकार नहीं जाती। चार्मी कौर के साथ भी ऐसा ही हुआ। वह बताती हैं, 'एक दिन मैं गुरुद्वारे से अपने भाई कुलदीप सिंह के साथ घर आ रही थी तो रास्ते में एक कास्टिंग डायरेक्टर मिल गए। मुझे देखते ही बोले कहा कि तुम बहुत खूबसूरत हो, फिल्मों में काम करेगी ? उनकी बात सुनकर मेरे भाई को गुस्सा आ गया। इस पर कास्टिंग डायरेक्टर ने बताया कि ऋतिक रोशन और करीना कपूर की एक फिल्म है। मैं गुरुद्वारे से यही प्रार्थना करके निकली थी कि वे इस संकट से मुझे निकालें और यूं लगा कि मेरी प्रार्थना सुन ली गई थी।

## घर वाले एक्टिंग के खिलाफ थे

ऋतिक रोशन और करीना कपूर की चार्मी कौर बहुत बडी प्रशंसक रही है। जब उन्होंने अपने मम्मी पापा को बताया कि उन्हें ऋतिक रोशन और करीना कपूर की फिल्म में काम करने का मौका मिला है। तो वे फिल्मों में काम करने को लेकर राजी नहीं थे। चार्मी कहती हैं, 'मैंने रात भर रो रोकर मम्मी को समझाया कि एक बार मुझे काम करने दो। इसी बहाने मैं ऋतिक रोशन, करीना कपूर और अभिषेक बच्चन से मिल लूंगी। किसी तरह से मम्मी तैयार हुई और सिर्फ एक बार काम करने की अनुमति मिली। लेकिन जब यहां से शुरुआत हुई तो बस हो गई।

## अभिषेक बच्चन ने दी प्रेरणा

चार्मी कौर बताती हैं, 'मैं महबूब स्टूडियो में 'मैं प्रेम की दीवानी हूं' की शूटिंग के लिए गई। जहां पर 'बनी रे बनी प्रेम की दीवानी' गाने की शूटिंग चल रही थी। मैं अभिषेक बच्चन के ठीक पीछे बैठी थे। उनका मेकअप मैन उनका मेकअप ठीक करने आया तो उन्होंने शीशे में मेरी झलक देखी और पीछे घूमकर बोले, आपको हीरोइन बनना चाहिए। उनकी बात सुनकर मेरी आंखों में एक चमक आ गई और दिमाग में आवाज आई कि ये क्या बोल दिया। घर आकर मैंने मम्मी पापा को अभिषेक बच्चन की बात बताई। इसके बाद मेरी चाची ने मुझे फोटो शूट के लिए पैसे दिए और मैं भी इसके बाद फिल्मों में लीड रोल के लिए ही ऑडिशन देने लगी।

## ऐसे मिला साउथ की फिल्मों में काम

मैं प्रेम की दीवानी हूं' के बाद चार्मी कौर छोटे मोटे रोल कर रही थीं और तभी मुंबई में उनकी मुलाकात साउथ के निर्देशक भीम नेनी श्रीनिवास राव से साल 2002 में हुई जो अपनी तेलुगू फिल्म 'नी थोडू कवाली' के लिए हीरोइन तलाश रहे थे। चार्मी बताती है, 'इस फिल्म के बाद साउथ में मेरी पांच छह फिल्में फ्लॉप रहीं। तब मुझे हिट फ्लॉप के बारे में कुछ पता ही नहीं था। पापा साथ रहते थे, वही सब कुछ फाइनल करते थे, उस समय तो मेरा बैंक अकाउंट भी नहीं था। साल 2004 में मेरी फिल्म 'श्री अंजनेयम' हिट हुई तो हिट फिल्मों का सिलसिला शुरू हो गया और अब तक तो मैं साउथ के सभी बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुकी हूं।

## 15 साल एक्टिंग और फिर बन गई निर्माता


निर्माता बनने के सवाल पर चार्मी कौर कहती हैं, 'बिजनेस मेरे खून में है। मेरे पापा मुझे बिजनेस पर आधारित किताबें पढ़ने को देते रहते थे। मैंने बतौर अभिनेत्री 15 साल काम किया। अभिनेत्री के तौर पर मेरी आखिरी फिल्म 'ज्योति लक्ष्मी' है। इस फिल्म का निर्माण भी मैंने निर्देशक पुरी जगन्नाथ के साथ मिलकर किया। हमने साल 2015 में 'पुरी कनेक्ट्स' के नाम से प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की, इस कंपनी की मैं फाउंडर मेंबर हूं। 'ज्योति लक्ष्मी' के बाद हमने पांच छह फिल्मों का और निर्माण किया। 'लाइगर' बतौर निर्माता हामारी पहली अखिल भारतीय फिल्म है।

## इसलिए हिंदी फिल्मों में नहीं किया काम

साउथ की तकरीबन सारी भाषाओं में 60 के आस पास फिल्में कर चुकी चार्मी कौर हिंदी में 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' और 'जिला गाजियाबाद' में भी काम कर चुकी है। वह कहती है, 'हिंदी में मैंने ज्यादा फिल्में इसलिए नहीं कीं क्योंकि यहां फिल्में बनने में समय बहुत लगता है। इतने समय में तो साउथ में मैं चार फिल्में कर लेती थी। चूंकि मैं साउथ की फिल्मों में काफी व्यस्त थी तो कभी हिंदी फिल्मों में काम करने का ख्याल भी नहीं आया।'

# साइलेंट फिल्मों के एक्टर खलील ने 'कृष्ण सुदामा' से की थी करियर की शुरुआत, एनटीआर ने निभाया था 17 फिल्मों में श्रीकृष्ण का किरदार

19 अगस्त को देश भर में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जा रहा है। बॉलीवुड में भी भगवान श्रीकृष्ण को लेकर फिल्में बनाई गईं हैं। फिल्मी इंडस्ट्री में ऐसे बहुत से कलाकार हैं जो श्रीकृष्ण की भूमिका में नजर आए हैं। तो आइए डालते हैं एक नजर ऐसे ही एक्टर्स और श्रीकृष्ण पर बेस्ड फिल्मों पर-



## खलील

सबसे पहले बात करते हैं साइलेंट फिल्मों के दौर के सुपरस्टार खलील की। ये 1920 से 1940 तक फिल्मों में सक्रिय रहे थे। खलील की पहली फिल्म 1902 में रिलीज हुई कृष्ण सुदामा थी, जोकि एक साइलेंट फिल्म थी। इस फिल्म को कोहिनूर फिल्म कंपनी और इंपीरियल फिल्म कंपनी द्वारा मिलकर बनाया गया था। उन्होंने एक्टिंग करियर के शुरुआती दिनों में कई माइथोलॉजिकल फिल्मों में हिंदू देवताओं की भूमिका निभाई थी। उन्होंने कई बार कृष्ण और राम का रोल प्ले किया था। खलील ने एक इंटरव्यू में बताया था कि 'मैंने अपनी लाइफ में सबसे ज्यादा काम हिंदू लोगों के साथ ही किया है। जब मैं फिल्म इंडस्ट्री में सांप्रदायिकता के बारे में सुनता हूं तो मेरा दिल धड़कता है। मुझे हिंदू और मुस्लिम, दोनों लोगों ने बहुत प्यार और सम्मान दिया है। हम सभी कला के भक्त हैं और कला किसी भी समुदाय से ऊपर है।

## एनटी रामा राव

तेलुगु सुपरस्टार एनटी रामा राव ने ज्यादातर माइथोलॉजिकल फिल्मों में ही काम किया था। उन्होंने 17 फिल्मों में भगवान श्रीकृष्ण का रोल प्ले किया था। ये पहले ऐसे एक्टर है जिन्होंने सबसे ज्यादा बार श्रीकृष्ण का रोल किया है। उनकी फिल्मों में भगवत पुराण से भी कई कहानियां लीं गईं थीं। उनकी फिल्मों की ये खासियत थी कि उनमें माइथोलॉजिकल किरदारों को स्थानीय कहानियों के साथ मिलाकर बेहद ही खूबसूरत ढगं से दिखाया जाता था। उन्होंने अपने करियर में करीब 300 फिल्मों में काम किया था।

## जैमिनी गणेशन


तमिल फिल्म के फेमस एक्टर जैमिनी गणेशन भी फिल्मी पर्दे पर भगवान कृष्ण के रोल में नजर आए हैं। तमिल सिनेमा में उन्हें 'कधल मन्नान' यानी 'रोमांस का राजा' कहा जाता है। जैमिनी ने 1948 में रिलीज हुई फिल्म चक्रधारी में श्रीकृष्ण का किरदार निभाया था। हालांकि उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हुई थी पर उनके इस किरदार को लोगों ने बहुत पसंद किया था।

## पवन कल्याण

तेलुगु एक्टर पवन कल्याण तमिल फिल्म ओह माय गॉड में भगवान श्रीकृष्ण के किरदार में नजर आए थे। इस फिल्म को शुरुआत में पवन नहीं करना चाहते थे पर 10 दिन तक मनाने के बाद वो इस फिल्म को करने के लिए मान गए थे। फिल्म में उनका स्क्रीन टाइम महज 25 मिनट है।

# निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहीं मधुरिमा बिग बॉस में एक्स बॉयफ्रेंड संग आ चुकी हैं नजर

मधुरिमा तुली छोटे पर्दे के अलावा फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा दिखा चुकी हैं। वह हर साल 19 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाती हैं। फिल्मों और टीवी सीरियल के अलावा वह रियलिटी शो बिग बॉस 13 और नच बलिए में भी नजर आ चुकी हैं। उनके जन्मदिन पर जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातें।



## कई फिल्मों में आ चुकी हैं नजर

कई टीवी शो में नजर आ चुकीं मधुरिमा फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। वह अक्षय कुमार की फिल्म बेबी में उनकी पत्नी का किरदार निभा चुकी हैं। इस फिल्म में उनका किरदार काफी छोटा था लेकिन उनकी एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा वह नाम शबाना, हमारी अधूरी कहानी और वार्निंग में काम कर चुकी हैं।

## शो के सेट पर हो गया था प्यार

एक्टिंग के अलावा लव लाइफ की वजह से भी वह काफी सुर्खियों में रही हैं। सीरियल चंद्रकांता में विशाल आदित्य सिंह के साथ उन्होंने काम किया था। दोनों पहली बार इसी शो के सेट पर मिले थे। यहीं से दोनों के बीच नजदीकियां बढ़नी शुरू हुई और फिर बात प्यार तक आ पहुंची। हालांकि यह रिश्ता लंबे समय तक नहीं चल सका और दोनों की राह अलग हो गई।

## ब्रेकअप के बाद इस शो में आई थीं नजर

ब्रेकअप के बाद भी यह प्रेमी जोड़ा एक दूसरे से अलग नहीं रहा और डांस रियलिटी शो नच बलिए में एक साथ नजर आए। लोगों को भी इस शो में दोनों की जोड़ी काफी पसंद आई। इसके बाद दोनों एक साथ बिग बॉस 13 में भी नजर आए थे। शो के दौरान दोनों के बीच काफी झगड़े होते थे। एक बार तो हद तब पार हो गई थी जब मधुरिमा ने विशाल को पैन से पीट डाला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बॉस में मधुरिमा को देखकर विशाल काफी परेशान हो गए थे और किसी भी तरह शो छोड़कर जाना चाहते थे। हालांकि उन्होंने ऐसा नहीं किया।

# अनुजा जोशी का बॉलीवुड से है गहरा नाता, पहली सीरीज में ही बोल्ड सीन्स से मचा दी थी सनसनी

ओटीटी पर अपनी पहली ही सीरीज 'हेलो मिनी' में बोल्ड सीन से चर्चा में आई एक्ट्रेस अनुजा जोशी 19 अगस्त को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं। हेलो मिनी के अलावा एक्ट्रेस अनुजा जोशी ब्रोकन वट ब्यूटीफुल में भी नजर आ चुकी हैं। 1992 में न्यूयॉर्क में जन्मी अनुजा का पालन-पोषण वहीं पर हुआ है। हालांकि एक्ट्रेस अपने काम के चलते मौजूदा समय में मुंबई में रहती हैं। अनुजा जोशी ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी और इसके बाद उन्होंने वेब सीरीज की दुनिया में कदम रखा, हालांकि कम ही लोग जानते होंगे कि एक्ट्रेस अनुजा का बॉलीवुड से भी गहरा नाता है। तो चलिए उनके जन्मदिन पर जानते हैं कुछ खास बातें।



## बॉलीवुड से है पुराना रिश्ता

एक्ट्रेस अनुजा जोशी का जन्म भले ही अमेरिका में हुआ हो लेकिन वह माया नगरी से गहरा संबंध रखती हैं। दरअसल वह अलंकार जोश की बेटी और पल्लवी जोशी की भतीजी हैं। एक्ट्रेस पल्लवी जोशी को तो सब जानते ही हैं, लेकिन इसके अलावा बता दें कि अलंकार जोशी भी खुद एक कलाकार रह चुके हैं और उन्होंने बॉलीवुड में भी काम किया है। अनुजा जोशी के पिता ने सीता, गीता, ड्रीम गर्ल और डॉन जैसी फिल्मों में बाल कलाकार को रूप में काम किया था। हालांकि बाद में उन्होंने फिल्मों को अलविदा कह दिया और विदेश में अपना बिजनेस स्टार्ट किया। अनुजा जोशी के घर में माता-पिता के अलावा उनकी एक जुड़वां बहन और दूसरा भाई है।

## ऐसे मिला हेलो मिनी में काम

एक्ट्रेस अनुजा जोशी को अभिनय पिता से विरासत में मिला है। एक्ट्रेस को बचपन से ही अभिनय का शौक था, इसलिए न्यूयॉर्क के ड्रामा स्कूल से एक्टिंग की पढ़ाई भी की है। हेलो मिनी के लिए उन्हें बॉडी लैंग्वेज और परफॉर्मेंस के आधार पर चयनित किया गया था। इसके बाद वह कई सीरीज में नजर आईं।

## हाल ही में लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड संग की है शादी

एक्ट्रेस अनुजा जोशी ने थप्पड़ सीरीज फेम अभिनेता अंकुर राठी संग शादी की है। जानकारी के मुताबिक दोनों तकरीबन 10 साल से एक दूसरे संग रिलेशनशिप में थे। अनुजा और अंकुर न साल 2020 में ही सगाई कर ली थी और इसके बाद दोनों ने एक निजी समारोह में शादी कर ली। इसकी तस्वीरें भी खूब साझा कई गईं थीं।

# बेटे गोला को कान्हा बनाकर भारती ने साझा किया क्यूट वीडियो, फैंस ने लुटाया प्यार

अपनी कॉमेडी से फैंस को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देने वाली भारती सिंह इन दिनों अपने परिवार को भरपूर समय दे रही हैं। भारती सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर फैंस के साथ अपनी और फैमिली की तस्वीरें और वीडियो साझा करती नजर आती हैं। फैंस भी भारती के पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं। हाल ही में भारती ने अपने बेटे का एक क्यूट वीडियो साझा किया है, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है।

बता दें कि भारती सिंह ने बेटे गोला को बाल कृष्णा बनाया है। कान्हा जी की पोशाक में भारती ने बेटे का यह प्यारा सा वीडियो फैंस के साथ साझा किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि भारती के पति हर्ष लिंबाचिया ने गोला को अपनी गोद में ले रखा है और वह उसे खिलाते नजर आ रहे हैं। गोला भी पापा के साथ खूब हंस रहा है। गोला की हंसी पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं।

वीडियो में देखा जा सकता है कि भारती सिंह ने बेटे को पीले रंग का कुर्ता पहनाया है और उसके सिर पर मोरपंख सजा दिया है। इसके साथ भारती सिंह ने बेहद प्यारा कैप्शन लिखा है। वीडियो के साथ एक बेहद प्यारा भजन- 'लगन तुमसे लगा बैठी, जो होगा देखा जाएगा...' बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। उन्होंने लिखा है, 'सबकुछ देने के लिए आपका शुक्रिया भगवान जी।'

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XIth XIIth B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ली सद्भावना दिवस पर शपथ

**दुर्ग।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी के जन्म दिवस, 20 अगस्त को इस साल भी राज्य में सद्भावना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य सभी धर्मों, भाषाओं और क्षेत्र के लोगों के बीच राष्ट्रीय एकीकरण की भावना जागृत करना और हिंसा के विचार को छोड़ते हुए लोगों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देना है। शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 19 एवं 20 अगस्त को शासकीय अवकाश होने की वजह से आज 18 अगस्त को शाम 4.30 बजे कलेक्टोरेट कक्ष में अपर कलेक्टर श्री अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर श्री प्रवीण वर्मा, एसडीएम श्री मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल सहित उपस्थित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 'सद्भावना दिवस' की शपथ ली।

### छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के 24 मोटल-रिसॉर्ट को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिए जाने कार्यवाही प्रारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के अनुभवी निजी निवेशकों को आमंत्रित कर पर्यटकों को व्यवसायिक दृष्टिकोण से और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए टूरिज्म बोर्ड अपने मोटल एवं रिसॉर्ट के संचालन के लिए उन्हें 30 वर्षों के लीज पर दिए जाने की कार्यवाही कर रहा है।इसका उद्देश्य ये है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की दिशा को सक्षम गति प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के 24 मोटल- रिसॉर्ट को 30 वर्षों के लिए लीज पर लेने के लिए छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के निजी निवेशक 05 सितम्बर 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा पूर्व में की गई निविदा के माध्यम से रायगढ़ और सरगुजा में स्थित मोटल के संचालन हेतु सफल निविदाकर्ताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत अधिकतम वित्तीय प्रस्ताव को समिति द्वारा मान्य किया गया है और शीघ्र ही इन इकाईयों का संचालन सफल निविदाकर्ताओं को सौंपा जावेगा। इन दोनों मोटल्स के संचालन की प्रक्रिया भी जल्द ही प्रारंभ हो जाएगी। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के इस प्रयास से स्थानीय एवं देश-विदेश के पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें।

### बरसात में बिजली, सड़कों एवं पेयजल के लिए विभाग रहें एलर्ट मोड में

# मूलभूत सुविधाओं के लिए ना आए शिकायत का मौका : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। बरसात से नगर निगम क्षेत्र की जनता की लगातार बढ़ती परेशानियों एवं मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के निदान हेतु वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर एलर्ट मोड में कार्य करने सख्त निर्देश दिए हैं।**



वोरा ने निगम के जल कार्य, लोक कर्म एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय से निकल कर जमीनी स्तर पर सभी 60 वार्डों की जनता के मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतों का समय सीमा तय कर निराकरण करें। नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि शहर में अमृत मिशन का कार्य पूर्ण होने के बाद भी लगातार पेयजल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने पर वाल्व एवं पम्प आदि तकनीकी कारण बता कर जिम्मेदारियों से भागा नहीं जा सकता। जनता को दोनों टाइम शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सभी जरूरी उपाय कर जल्द से जल्द समस्या का निदान हो।

बारिश के दौरान सड़कों में गड्ढे एवं स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने निगम एवं पीडब्लूडी अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शहर के आंतरिक एवं मुख्यमार्गों में गड्ढे भरने का महाअभियान चलाने के निर्देश दिए साथ ही जिला प्रशासन की तर्ज पर निगम स्तर पर भी जनहितैषी कार्यों की टाइम लिमिट की समीक्षा बैठक करने एवं बड़े निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने कहा। स्वीकृति मिलने एवं राशि आने के बाद भी कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने अधिकारियों से जवाब तलब किया।लोक निर्माण के विद्युत अधिकारियों को गणेश उत्सव के पहले पहले मुख्यमार्ग में स्ट्रीट लाइट शुरू करने सभी प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। पखवाड़े भर के अंदर स्थिति की पुन: समीक्षा करते हुए जवाबदेही तय की जाएगी। 2 घंटे की समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने निगम अमले के साथ दीपक नगर मुख्य मार्ग में चल रहे पैच वर्क एवं पीलिंग के कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त प्रकाश सर्वे ,कार्यपालन अभियंता शंकर दयाल शर्मा, प्रकाश थवानी, प्रमोद दुबे, जितेंद्र समैया, वी पी मिश्रा, भीम राव, राजेन्द्र धबाले लोक निर्माण विभाग से उप अभियंता गगन जैन, विकास लता तिर्की उपस्थित थे।

### भिलाई के इस्पात बिरादरी को मिली बेहतर चिकित्सा की एक और सौगात

# बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय में अपग्रेडेड व उन्नत नवजात आईसीयू का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने इस्पात बिरादरी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किया है। यहां तक की अस्पताल की पुरानी सुविधाओं को भी और अधिक उन्नत बनाने के समग्र प्रयास को मूर्त रूप दिया है। इसका ताजा तरीन उदाहरण है नवजात (नियोनेटल) आईसीयू का अपग्रेडेशन व उन्नयन। आजादी का अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के इस अपग्रेडेड व उन्नत नवजात आईसीयू का शुभारंभ भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। भिलाई के इस्पात बिरादरी को एक और सौगात मिला।**




इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रषासन), के के सिंह, कार्यपालक निदेषक (सामग्री प्रबंधन) ए के भट्टा, कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान), तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), एस मुखोपाध्याय, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा), डी एन करन तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके सहित वरिष्ठ चिकित्सकों व चिकित्सा बिरादरी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने चिकित्सकों व उच्च अधिकारियों के साथ उन्नत नियोनेटल आईसीयू का दौरा किया और सुविधाओं का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई के नवजात आईसीयू को 1988 में बाल चिकित्सा आईसीयू से अलग इकाई के रूप में स्थापित किया गया था, जिससे बीएसपी अस्पताल में नवजात शिशुओं की गुणवत्तापूर्ण देखभाल की जा सके।

साथ ही क्रॉस संक्रमण के जोखिम को कम किया जा सके। अपने स्थापना काल से ही नियोनेटल आईसीयू हजारों नवजात षिषुओं की जीवनरक्षा कर चुका है। बीएसपी अस्पताल के नवजात आईसीयू को 1994 में नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम ऑफ इंडिया द्वारा लेवल 2ए की मान्यता प्राप्त है। सीएमओ इंचार्ज डॉ एम रवींद्रनाथ तथा सीएमओ डॉ प्रमोद बिनायके के मार्गदर्शन में अतिरिक्त सीएमओ एवं एनआईसीयू के प्रभारी, डॉ सुबोध साहा, महाप्रबंधक (एम एंड एस) बलबीर सिंह तथा शाहिद अहमद के अथक प्रयासों से इस उन्नयन कार्य को मूर्त रूप दिया जा सका। वरिष्ठ प्रबंधक (एम एंड एस) द्वय अब्दुल हक, शेखर उपलांचेवार ने कार्य प्रगति की निगरानी की तथा कार्य योजना के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके साथ ही डॉ संजीबनी पटेल, डॉ नूतन वर्मा और डॉ माला चैधरी सहित नियोनेटल यूनिट के डॉक्टर पूरे नवीनीकरण प्रक्रिया में शामिल रहे हैं और अपने बहुमूल्य सुझाव देते हुए इसे बेहतर बनाने में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त नवजात आईसीयू के नर्सिंग स्टाफने अपनी बहुमूल्य राय और इनपुट देकर अहम भूमिका अदा की।

## भिलाई में बीजेपी पार्षद दया सिंह के साथ प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का जोरदार स्वागत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** भाजपा पार्षद दया सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का किया जोरदार स्वागत। आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भिलाई-दुर्ग दौरे पर है। खुर्सीपार में भाजपा पार्षद दया सिंह द्वारा जोशीले अंदाज में सैकड़ों कार्यकर्ता ने स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव स्वागत सत्कार देखकर गदगद हो गए और दया सिंह से चर्चा करते हुए उनके कार्यों की तारीफ की। संक्षिप्त मुलाकात में भाजपा पार्षद दया सिंह ने संगठन के साथ-साथ जिले में चल रहे कार्यों के बारे में बताया। दया सिंह ने सभी कार्यकर्ता से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का परिचय कराया। भाजपा पार्षद ने बताया कि विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार से नाराज है। प्रदेश सरकार भेदभाव कर रही है। भाजपा पार्षदों के वार्ड में विकास के नाम पर फंड नहीं दे रही है। इससे जनता में प्रदेश की सरकार के खिलाफ काफी आक्रोश है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि आने वाले 2023 में प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार को उखाड़ सकेगी।

# आर्य नगर कोहका में निरीक्षण के दौरान आयुक्त चंद्राकर ने पानी निकासी हेतु नाली निर्माण के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आर्य नगर एवं कोहका क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोहका के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने व्यापक सफाई रखने के निर्देश दिए, अस्पताल के सामने की झाड़ी कटाई के लिए उन्होंने स्वास्थ्य अमला को कहा। निरीक्षण करते हुए आयुक्त स्कूल परिसर भी पहुंचे, स्कूल के टूटे हुए बाउंड्री वाल को संधारण कराने के निर्देश उन्होंने दिए। वहीं उन्होंने अंदरूनी मोहल्ले का भी निरीक्षण किया और नाली सफाई व्यापक रूप से करने कहा, उन्होंने कहा कि बारिश के



दौरान नालियों की सफाई लगातार होती रहे जिससे पानी कर फ्लो बना रहेगा और निकासी की व्यवस्था सुगम हो पाएगी। तालाब का निरीक्षण करते हुए उन्होंने ओवरफ्लो के पाइप की सफाई करने के निर्देश दिए ताकि ओवरफ्लो का पानी आसानी से निकल सके। आर्य नगर में भ्रमण करते हुए उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया, कुछ स्थानों पर पानी निकासी के लिए नाली निर्माण किए जाने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सफाई व्यवस्था भी देखी। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने शहर में बारिश को देखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं, जलभराव वाले स्थानों से अस्थाई निकासी की व्यवस्था कर पानी को बाहर निकालने का काम किया जा रहा है। वही डेंगू एवं अन्य बीमारियों को देखते हुए जल जमाव वाले स्थानों में मलेरिया एवं जला ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है। जल जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए निगम की विशेष टीम विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता प्रचार-प्रसार कर रही है। आज निगमायुक्त के निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, सुपरवाइजर एवं जोनल अमित दुबे आदि मौके पर मौजूद रहे।

# जंगल से ही है हम आदिवासियों का अस्तित्व, संरक्षण और संवर्धन जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** बस्तर संभाग आयुक्त श्री श्याम धावड़े ने कहा कि समाज प्रमुख जितना जागरूक होंगे, उतना ही वनांचल क्षेत्र में क़ानूनों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सकता है। राज्य शासन के मंशानुसार कमिश्नर श्री धावड़े आज सुकमा के जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति समाज प्रमुखों के साथ परिचर्चा के दौरान ये बाते कहीं। बैठक में कमिश्नर श्री धावड़े ने वन अधिकार मान्यता पत्र, सामाजिक प्रास्थिति मान्यता पत्र से सम्बंधित नियम और प्रावधानों के साथ ही देवगुड़ी के जीर्णोद्धार कार्यों संबंध समाज प्रमुखों से परिचर्चा किए।

परिचर्चा में सुकमा जिले के सर्व आदिवासी समाज, हल्बा, दोरला, मुरिया, धुरवा और कोया कुटमा समाज के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री हरिस. एस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री देवनारायण कश्यप, डिप्टी कमिश्नर श्रीमती माधुरी सोम,एसडीएम प्रीति दुर्गम, बनसिंह नेताम सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने कहा कि जंगलों से ही हम आदिवासियों का अस्तित्व है। वन अधिकार क्षेत्र का संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन किया जाना आवश्यक है, वनों की कटाई को रोकना है। वन अधिकार के लिए सुकमा में व्यापक अवसर है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार का ऋण पुस्तिका का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही हितग्राही का केसीसी बनवाए कृषि व उद्यानिकी विभाग के योजनाओं का लाभ दिया जाए और मनरेगा के तहत भूमि सुधार करवाकर आजीविका के साधन में वृद्धि किया जाए। उन्होंने कहा की इसमें समाज प्रमुखों की महत्ती भूमिका है, समाज प्रमुख, ग्राम स्तर पर बैठक ले और ग्रामीणों को वन अधिकार अधिनियम की जानकारी दे, उनके नियमों को विस्तार से समझाए ताकि इनका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। संभाग आयुक्त श्री धावड़े ने समाज प्रमुखों से वन ग्राम को राजस्व ग्राम बनाने हेतु प्रशासन को आवश्यक सहयोग करने की अपील की। कमिश्नर ने फ़र्ज़ी जाति प्रमाण पत्र के शिकायत के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस कार्य में समाज प्रमुख भी सहयोग करें। जिले में ड्राप आऊट बच्चों के कारण के सम्बंध में समाज प्रमुखों से चर्चा किए।

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I LALLO BHAI M PATEL C/o MURAR BHAI PATEL Resident of Qr no. 5/D st no. 8 sector 01 Bhilai 1 Durg (C.G.) pin-490001 have Changed My old Name LALLO BHAI M PATEL C/o MURAR BHAI PATEL So in Future I should be recognized by my new Name that is LALU BHAI PATEL C/o MURAR BHAI PATEL in all Government and Other documents.

LALU BHAI PATEL
District- Durg
Pin-490001 (C.G.)



























## खास-खबर

### शराब के नशे में बच्चों की पिटाई करने वाला प्रधान पाठक सस्पेंड




**कोरबा (ए)।** पाली ब्लॉक के चैतमा संकुल के साजाबहरी प्रायमरी स्कूल में पदस्थ प्रधान पाठक छत्रपाल सिंह ने बुधवार को नशे में बच्चों की पिटाई कर दी थी। इससे बच्चों के शरीर में चोट के निशान बन गए थे। इस मामले को कलेक्टर संजीव झा ने गंभीरता से लेते हुए डीईओ जीपी भारद्वाज को उक्त प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही डीईओ भारद्वाज ने प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है।

प्रधान पाठक ने नशे में धुत होकर स्कूल पहुंचा और पढ़ाई करने वाले बच्चों के शरीर पर निशान बनने तक पिटाई करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। बीईओ पाली को प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार ग्रामवासियों के द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी प्रधान पाठक के व्यवहार में परिवर्तन नहीं हुआ। जो कि कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता को दर्शाता है। प्रधान पाठक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के नियम के तहत गुरुवार को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय बीईओ कटघोरा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# परिवार के साथ मिलकर दूसरे पति की हत्या: दो दिन बाथरूम में छिपाया था शव, बदबू आने पर गड्ढे में फेंका, 4 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में पति की हत्या करने वाली महिला उसके भाई, बेटा और उसके पहले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला ने उससे दूसरी शादी रचाई थी। लेकिन, उसका पति उसे अपने बेटा और पहले पति से मिलने के लिए मना कर आए दिन मारपीट करता था। 12 अगस्त को जब वह अपने भाई के घर गई थी, तब पति ने गाली देते हुए मारपीट किया था। उसकी हरकतों से तंग आकर पत्नी ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। फिर शव को सड़क किनारे गड्ढे में फेंक दिया था। घटना सकरी थाना क्षेत्र की है।

सरकंडा क्षेत्र के चांटीडीह में रहने वाला सैयद कमाल (38) रोजी मजदूरी का काम करता था। वह रविवार को घर से काम करने निकला था। लेकिन, देर शाम तक घर नहीं लौटा। तब उसके परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला। इससे परेशान परिजनों ने सरकंडा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 15 अगस्त की सुबह सैदा-घुरू रोड में गड्ढे में एक शव मिला। लाश के साथ उसका आधार कार्ड भी मिला, जिससे उसकी पहचान सैयद कमाल के रूप में की गई।




### मृतक के शरीर में मिले थे चोट के निशान

युवक के शरीर में कई जगह चोट के निशान मिले, जिसे देखकर पुलिस ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए जांच शुरू कर दी। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक का गला दबाने और सिर सहित अन्य हिस्सों में भारी हथियार मारने से उसकी मौत होने की पुष्टि की गई। इधर, पुलिस की जांच और पूछताछ में पता चला कि मृतक ने सुमित्रा तिवारी मानिकपुरी महिला के साथ दूसरी शादी कर सिविल लाइन क्षेत्र के जरहाभाठा में रहता था।

पुलिस ने मृतक सैयद कमाल की पहली पत्नी और परिजनों से पूछताछ की, तब उन्होंने बताया कि वह 12 अगस्त की शाम 4.30 बजे से गायब था। 13 अगस्त को सुमित्रा ने भी उसके घर नहीं आने की जानकारी दी थी। साथ ही बताया कि उसकी स्कूटी जरहाभाठा चौक के पास खड़ी है। इसके बाद सुमित्रा अपने घर में ताला लगाकर गायब हो गई थी।

### हत्या के बाद दो दिन तक बाथरूम में रखा था शव

इधर, संदिग्ध आरोपी सुमित्रा की जानकारी जुटाने पुलिस भी उसके घर गई, तब ताला बंद मिला। इसके बाद उसके भाई राजकुमार महंत के सकरी स्थित मकान पहुंचे, तब महिला अपने भाई के घर में मिली। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पहले वह गुमराह करती रही। सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने अपने भाई राजकुमार, पूर्व पति जग जीवन प्रसाद तिवारी और बेटा दीपक तिवारी के साथ मिलकर हत्या करने की बात कही। उसने बताया कि 12 अगस्त की रात सैयद शराब के नशे में गाली दे रहा था। इस दौरान उसने मारपीट किया, तब उसके भाई, बेटा और पूर्व पति ने राड से हमला किया और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। उसने यह भी बताया कि शव को दो दिन तक बाथरूम में छिपाकर रखे थे। फिर बदबू आने पर उसके बाइक में ले जाकर गड्ढे में फेंककर आ गए थे।

### आधार कार्ड से हुई पहचान और खुल गया हत्या का राज

पुलिस को जब युवक की लाश मिलने की सूचना मिली, तब पानी में डूबे होने और शव के क्षतविक्षत होने की वजह से उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। इस दौरान पुलिस ने उसके पास से आधार कार्ड बरामद किया, जिसके आधार पर उसकी पहचान हुई। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस को हत्यारों की तलाश करने में आसानी हुई और आरोपी महिला समेत उसके रिश्तेदारों से पूछताछ कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

सरकारी गाड़ी ने 2 को कुचला

## कार की टक्कर से 20 फीट दूर गिरा बाइक सवार, एक की मौत

**दुर्ग।** दुर्ग में सरकारी गाड़ी ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। इस दौरान एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने गुरुवार को सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना पाटन थाना क्षेत्र के लोहरसी गांव की है।

### 20 मीटर दूर हवा में उछल कर गिरे बाइक सवार

बताया जा रहा है कि, कार चालक ने स्टेट गैरेज से फार्च्यूनर लेकर आया था। पाटन थाना प्रभारी से



मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लोहरसी निवासी प्रकाश चंद्राकर पिता बसन्त चंद्राकर (30 साल) बाइक सीजी 07 एलके 7985 में अपने साथी बंटी चन्द्राकर के साथ बुधवार देर शाम तर्रा से अपने घर लोहरसी जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार फार्च्यूनर गाड़ी सीजी 02- 0011 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक 20 मीटर दूर हवा में उछल कर गिरे। इस दौरान मौके पर ही एक की मौत हो गई। पाटन पुलिस ने फार्च्यूनर चालक राम नेताम पिता (30 साल) निवासी फुंडा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पहुंचाया अस्पताल

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष लोकमनी चन्द्राकर पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी में दोनों लोगों को बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्रकाश चंद्राकर को मृत घोषित कर दिया। बंटी चंद्राकर का इलाज चल रहा है। वह भी खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

### थाने के सामने तीन घंटे तक किया गया प्रदर्शन

इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक प्रकाश चंद्राकर का शव थाना के सामने गाड़ी में रखकर लगभग तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। लोग लगातार पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जब पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर उसके ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया तो उसके बाद ग्रामीण शांत हुए। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## राजधानी में गांजा तस्करों पर सख्ती, तस्करी करते सात आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** राजधानी में गुरुवार को पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर गांजा तस्करी करते 7 लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनसे 24 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में एमपी के चार तस्कर शामिल हैं, जो ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे थे। पुलिस ने बताया कि भिलाई निवासी भूषण चंदेल और रोशन साहू दोनों गांजा तस्कर हैं। आरोपी कार से ओडिशा गए थे। वहां से गांजा लेकर आ रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने कुछ लोगों का गांजा बेच दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंदिर हसौद के पास नाकेबंदी की।

कार को रोककर जांच की गई। कार की डिक्की में 13 किलो गांजा मिला। पुलिस ने गांजा और कार को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं रेलवे स्टेशन में जांच के दौरान एमपी रीवा के शुभम सोनी, अमित पटेल, रोहित पटेल और उत्तम पटेल के पास 10 किलो गांजा मिला। आरोपियों को रीवा पुलिस ने घेर लिया था। आरोपी अपनी कार छोड़कर भाग गए। तब से पुलिस तलाश कर रही थी।

आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे थे, तभी आरोपियों को पकड़ लिया गया। वहीं सोनडोंगरी के पास गांजा बेचते हुए दौलत राम सहारे को पकड़ा गया। आरोपी से डेढ़ किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ओडिशा से गांजा की सप्लाई करने वाले तस्कर की तलाश कर रही है। पकड़े गए तस्करों का मोबाइल जब्त किया गया है। उसे जांच के लिए साइबर सेल भेज दिया गया है। आरोपियों से पुलिस अलग-अलग पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि ओडिशा से गांजा की सप्लाई करने वाले तस्कर को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## करंट लगने से बस ड्राइवर की मौत: सुबह शासकीय बोर में नहाने गया था, बटन ऑन करते ही लगा बिजली का तेज झटका

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा में करंट लगने से एक बस ड्राइवर की मौत हो गई। घटना हसौद थाना क्षेत्र की है, जहां बस ड्राइवर शासकीय बोर में नहाने के लिए गया था और इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद मर्ग कायम कर लिया। परिजनों को खबर दे दी गई है। उनके आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

हसौद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बाराद्वार निवासी दिलीप गुप्ता (उम्र 38 साल) जय श्री श्याम बस सर्विस में ड्राइवर का काम करता था। यह बस रात में हसौद में खड़ी होती थी और वहां से जैजैपुर, बाराद्वार, चांपा, जांजगीर से यात्रियों को लेकर चलती है। आज सुबह सवारी लेने के लिए निकलने से पहले ड्राइवर दिलीप नहाने के लिए हसौद के गोड़धोआ तालाब के किनारे स्थित शासकीय बोर में




नहाने के लिए गया। उसने जैसे ही बोर का बटन ऑन किया, वह करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### 2 दिन पहले जांजगीर के मुलमुला में हुई थी छात्र की मौत

अभी दो दिन पहले जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में एक छात्र की करंट लगने से मौत हो गई थी। 12वीं का छात्र मनीष केवट अपने कपड़े पर प्रेस कर रहा था, इसी दौरान वो करंट की चपेट में आ गया। वो पकरिया झूलन का रहने वाला था और सुबह स्कूल जाने की तैयारी कर रहा था। स्कूल ड्रेस में प्रेस करते वक्त उसे करंट लगा, इससे वो अचेत होकर गिर पड़ा। घरवाले तुरंत उसे लेकर गंभीर हालत में पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया था।

### जांजगीर-चांपा के बम्हनीडीह में भी करंट से झुलस गए थे किसान

अभी कुछ दिन पहले ही जांजगीर-चांपा के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में भी दो किसानों पर 11 केवी का तार गिर गया था। घटना रोहदा ग्राम की थी, जहां दोनों किसान खेत में काम करने के लिए जा रहे थे। तार गिरने से वे झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मामले में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। सड़क पर पिछले कई दिनों से 11 केवी का तार झूल रहा था। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की थी, लेकिन इस पर बिजली विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। जब किसान अश्विनी भारद्वाज (30 वर्ष) और राकेश जांगड़े (26 वर्ष) वहां से गुजरे, उन पर तार गिर गया। जिससे वे करंट की चपेट में आ गए।

## बेटी नहीं भेजी तो प्रेमी ने की खुदकुशी: लड़के के पिता बोले-आर्य समाज मंदिर में की थी शादी, लड़की के दुपट्टे से लगाई फांसी

**भिलाई।** भिलाई के सुपेला थाना अंतर्गत पांच रास्ता निवासी सोनू सिंह (25) पिता राजेश सिंह ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सोनू ने एक महीने पहले रामनगर मुक्तिधाम के पास की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। इसके बाद लड़की के पिता ने प्रेम विवाह को मानने से इनकार कर दिया और उसे अपने साथ ले गया। इसी गम में सोनू ने गुरुवार देर शाम अपने घर में फांसी लगा ली।



सोनू के पिता राजेश सिंह ने बताया कि उसका बेटा 22 साल की एक लड़की से प्रेम करता था। डेढ़ महीने पहले वह लड़की को लेकर बिहार के गोपालगंज जिले के अपने पैत्रक गांव लड़इली भाग गया था। वहां उसने आर्य समाज में लड़की के साथ शादी कर ली। इधर, लड़की के पिता ने वैशाली नगर थाने में लड़की की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

### लड़की के ही दुपट्टे से लगाई फांसी

सोनू एक महीने तक लड़की के साथ गांव में रहा। इसके बाद उसे लेकर भिलाई अपने घर आ गया। लड़की के पिता को उनके लौटने का पता चला तो उन्होंने वैशाली नगर थाने में शिकायत की और पुलिस के साथ आकर लड़की को ले गया। फिर बेटी को भेजने से मना कर दिया। इसके बद से सोनू अपने पिता से कहता था कि वह उस लड़की के बिना नहीं रह पाएगा। उसने गुरुवार को लड़की के दुपट्टे से से ही फांसी लगा ली।

### राजेश ने बेटी के पिता से शादी के लिए की थी बात

राजेश सिंह का कहना है उसका बेटा सोनू लड़की के गम में काफी दुखी था। वह बार-बार मरने की बात करता था। इसके चलते उसने लड़की के पिता से दोनों की शादी कराने की बात भी की थी। अंतरजातीय विवाह होने के चलते लड़की का बाप तैयार नहीं हुआ।

राजेश सिंह का कहना है कि लड़का और लड़की दोनों बालिग थे। लड़की ने पुलिस के सामने थाने में यह बोला भी था कि वह सोनू के साथ रहना चाहती है। इसके बाद भी वैशाली नगर पुलिस ने जबरदस्ती लड़की को उसके पिता के साथ भेज दिया। राजेश का कहना है कि यदि लड़की की मर्जी पुलिस मानती और दोनों को साथ रहने देती तो आज उसका बेटा जिंदा होता।

### काम पर जाना कर दिया था बंद

सोनू इडली व दोसा का मिस्त्री था। शादी व्याह या अन्य प्रोग्राम में वह कैटर्स के साथ जाता था। लड़की के चलते जाने से वह इतने गम में था कि उसने काम पर जाना भी बंद कर दिया था। वह दिन भर अपने आपको कमरे में बंद रखता था और मोबाइल में लड़की और अपने विवाह व अन्य पलों की तस्वीरें देखता रहता था।

### दादा ने पोता की लव मैरिज की थी स्वीकार

राजेश सिंह का कहना है कि सोनू ने अपने पैत्रक गांव जाकर लड़की से शादी की थी। उसकी दूसरे कास्ट में शादी करने के बाद भी सोनू के दादा ने पोता बहू को स्वीकार कर लिया था। उनके पास दोनों एक महीना रहे भी। जब सोनू वहां से लौटा तो दादा ने उसे व बहू को 60 हजार रुपए विदाई भी दी थी।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

summer offer on gogles flat 20% off
फ्री होम डिलेवरी
(निःशुल्क कम्प्यूटराईज नेत्र जांच)
BROTERS OPTICALS
You see We care
Pratap Singh, Mo. - 9589876064, 9589666143
Infront of Shubham Medical, Krishna Talkies Road, Risali, Bhilai, Email : brothersopticals1@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# आठे कन्हैया तिहार

(श्री कृष्ण जन्माष्टमी)

की हार्दिक शुभकामनाएं

## युग समेटे खड़ा बरगद, झूले कदंब का पेड़
## कृष्ण कहें समस्त वृक्षों में, मैं पीपल का पेड़


छत्तीसगढ़ कृष्ण कुंज

लोकार्पण

## 19 अगस्त

## परंपरागत व जीवन उपयोगी वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण

- सभी नगरीय निकायों में चिन्हित स्थलों में विकसित किए जाएंगे 142 'कृष्ण कुंज'
- राज्य के हर ज़िले में वन विभाग को एक एकड़ जमीन का आबंटन
- सांस्कृतिक महत्व के बरगद, पीपल, नीम, कदम्ब एवं अन्य जीवन उपयोगी पौधों का होगा रोपण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

RO-33559/70

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950